प्रातःकालीन संस्करण
वर्ष- 14 अंक- 299
पृष्ठ-08 मूल्य- 2 रुपया

शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024
लखनऊ
विक्रम सम्वत् 2081

तापमान
अधिकतम 34°
न्यूनतम 24°

हिन्दी दैनिक
लखनऊ, कानपुर एंव नई दिल्ली से प्रकाशित
खरी कसौटी
बुलंद आवाज सच्चाई के साथ
E-paper: www.kharikasauti.com
लखनऊ संस्करण
RNI NO. UPHIN/2010/35142

नवरात्र के पहले दिन योगी ने दी... 03 | भारत में आतंक को महिमा... 04 | सरकारी कोशिशों के बावजूद... 08

मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की जरूरत नहीं

बोला-यह समाजी मुद्दा

❒ आपके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता यह मामलाः कहकर केन्द्र ने किया विरोध

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल कर मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं का विरोध किया है।

केंद्र ने कहा कि मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लिए कई अन्य सजाएं भारतीय कानून में मौजूद हैं। सरकार ने कहा कि यह मुद्दा कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक है। इसके बावजूद अगर इसे अपराध घोषित करना ही है, तो यह सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सरकार ने यह भी कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा किए बिना इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है। केंद्र ने कहा- संसद ने पहले ही विवाह के अंदर शादीशुदा महिला की सहमति की सुरक्षा करने के कई उपाय किए हैं। केंद्र ने यह स्वीकार किया कि शादी के बाद भी महिला की सहमति का महत्व खत्म नहीं हो जाता है और महिला की गरिमा के किसी भी तरह के उल्लंघन पर आरोपी को सजा दी जानी चाहिए। साथ ही केंद्र ने यह भी कहा कि शादी के रिश्ते के बाहर इस तरह की घटना होती है, तो उसका नतीजा शादी के रिश्ते में होने वाले उल्लंघन से अलग होता है। पति-पत्नी को एक-दूसरे से सेक्शुअल रिलेशन बनाने की उम्मीद रहती है, हालांकि ऐसी उम्मीदों के चलते पति को यह अधिकार नहीं मिलता कि वह पत्नी के साथ जबरदस्ती करे।

सेंसेक्स

82,497
निफ्टी
25,250

संक्षिप्त

आतंकी नसरुल्लाह के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले 8 लोग जेल भेजे गए

अमेठी। उत्तर प्रदेश के जिला अमेठी में हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह के समर्थन में कैंडल मार्च निकालने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। बिना परमिशन के कैंडल मार्च निकालकर प्रदर्शन करने वाले आयोजक समेत 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो, जायस कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कंचाना मोहल्ले में मंगलवार शाम नसरुल्लाह के समर्थन में सैकड़ो लोगों ने कैंडल मार्च निकाला था। इस दौरान इजरायल मुर्दाबाद के नारे भी लगे थे। दरअसल, अभी हाल में ही इजरायल ने आतंकी संगठन हिजबुल्लाह चीफ नसरुल्लाह को मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के विरोध में शिया मुसलमानो ने कश्मीर से लेकर लखनऊ तक प्रदर्शन कर अपनी नाराज़गी जाहिर की थी। अमेठी में भी मंगलवार देर शाम बड़ी संख्या में मुसलमानो ने हाथों में हसन नसरुल्लाह का पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। बता दें कि अमेठी में त्योहारों को लेकर धारा 144 लागू है। बिना किसी परमिशन के किसी भी प्रकार के जुलूस या प्रदर्शन पर पूरी तरह से रोक है। इसके बावजूद पुलिस को सूचना दिए बगैर लोगों ने प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते ही जायस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

अमेठी में सनसनीखेज घटना ने दहलाया

बदमाशों ने शिक्षक, पत्नी समेत पूरे परिवार को भूना

फैली सनसनी

❒ बदमाशों ने सरेशाम ताबड़तोड़ फायरिंग कर की हत्याएं, सीएम योगी बोले दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

खरी कसौटी ब्यूरो

अमेठी। किराए के मकान में रह रहे एक शिक्षक, उसकी पत्नी और दो बच्चों की सरेशाम ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में घर में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया गया जिसके बाद वहां सनसनी फैल गई। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की।

शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे के मुख्य चौराहे पर किराए के मकान में शिक्षक सुनील कुमार (35) अपनी पत्नी, दो बच्चों के साथ रहते थे। सुनील कुमार पीएमश्री विद्यालय पन्हौना में सहायक अध्यापक थे। बृहस्पतिवार की शाम कुछ असलहाधारी लोग उनके आवास पर पहुंचे। बदमाशों ने सुनील कुमार को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। बचाव में आईं उनकी पत्नी व दो बच्चे भी गोली का शिकार हो गया। चारों लोगों को सीएचसी सिंहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सबको मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसपी अनूप कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। एएसपी हरेंद्र प्रताप का कहना है कि गोलीकांड में शिक्षक, उनकी पत्नी, पुत्र व बेटी की मौत हो हुई है। घटना की जांच की जा रही है। एसपी अनूप सिंह का कहना है कि शिक्षक परिवार पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। जिससे शिक्षक, उनकी पत्नी व दो बेटियों की मौत हो गई है। प्रथमदृष्टया जांच में पता चला कि सुनील कुमार ने रायबरेली कोवताली में चंदन वर्मा के खिलाफ छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जांच की जा रही है कि कहीं उस घटना का इस वारदात से कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस की टीम लगाई गई हैं। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

एडीजी लखनऊ जोन एसबी शिरडकर, आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार भी रवाना हो गए हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।सीएम योगी ने कहा- दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। यूपी एसटीएफ को हत्याकांड के खुलासे के लिए लगाया गया है। डिप्टी एसपी डीके शाही टीम के साथ घटनास्थल पहुंच रहे हैं। डीके शाही ने ही सुल्तानपुर डकैती के आरोपी मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। लोगों ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 7 बजे असलहा लिए कुछ लोग सुनील के घर पर पहुंचे। बदमाशों को घर में जो जहां मिला, उसे गोली मार दी।

केंद्र सरकार ने कैबिनेट बैठक में किसानों और इन्फ्रास्ट्रकचर विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये किए आवंटित

दीवाली से पहले मोदी कैबिनेट ने लिए कई बड़े फैसले

केन्द्र सरकार ने रेल कर्मचारियों किसानों व युवाओं को दीं सौगातें

अश्विनी ने दी जानकारी

❒ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इन कई अहम योजनाओं को दी गई मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने किसानों और इन्फ्रास्ट्रकचर विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं के लिए हजारों करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आज इन योजनाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के लिए 1 लाख 1321 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा 63 हजार करोड़ रुपये से अधिक की चेन्नई मेट्रो फ़ेज-2 परियोजना को भी मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। वैष्णव ने बताया कि एक तरह से किसानों की आय से जुड़े लगभग हर बिंदु को 1,01, 321 करोड़ रुपए के कार्यक्रम के तहत कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा कार्यक्रम है जिसके कई घटक हैं। सभी घटकों को कैबिनेट ने अलग-अलग योजनाओं के रूप में मंजूरी दी है। बकौल अश्विनी वैष्णव अगर कोई राज्य किसी एक योजना से जुड़ी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) लेकर आता है, तो उसे इस योजना के तहत मंजूरी दी जाएगी।

कैबिनेट ने चेन्नई मेट्रो के दूसरे चरण को भी स्वीकृति दी है। इस पर 63,246 करोड़ रुपये की लागत आएगी। दूसरे चरण की कुल लंबाई 119 किलोमीटर होगी। साथ ही कुल 120 स्टेशन होंगे। इस परियोजना में केंद्र और तमिलनाडु सरकार की 50-50 फीसदी हिस्सेदारी होगी। इसका निर्माण चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड करेगी। चेन्नई में 2026 में 1.26 करोड़ और 2048 में 1.80 करोड़ जनसंख्या होने का अनुमान है। केंद्रीय कैबिनेट ने लाखों रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन के बराबर बोनस देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। त्योहारी सत्र से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कैबिनेट की अहम बैठक में रेलवे कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 78 दिनों के लिए उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दी। इसका लाभ 11,72,240 रेलवे कर्मचारियों को होगा। इस पर 2028.57 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कैबिनेट ने 10,103 करोड़ रुपये की खाद्य तेल पर राष्ट्रीय मिशन ऑयलसीड्स को भी मंजूरी दी है। यह कृषोन्नति योजना के तहत आने वाली नौ योजनाओं में से एक है। इस योजना का लक्ष्य 2031 तक खाद्य तेलों का उत्पादन 1.27 करोड़ टन से बढ़ाकर 2 करोड़ टन करना है। कैबिनेट ने लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है ताकि भारत ऊर्जा दक्षता केंद्र में शामिल हो सके। यह दुनिया भर में ऊर्जा दक्षता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक वैश्विक मंच है। यह कदम सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों की चांदी, 78 दिनों का बोनस

नई दिल्ली। दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए बड़ा एलान किया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में रेल कर्मियों को 78 दिन का बोनस देने की घोषणा की गई है। रेलवे कर्मचारियों को बोनस का भुगतान दशहरा और दिवाली पूजा की छुट्टियों से पहले किया जाएगा। कैबिनेट के इस फैसले के बाद करीब 12 लाख रेलवे कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। रेलवे कर्मचारियों को आने वाले त्योहारों के पहले 78 दिनों का बोनस दिया जाएगा। इसपर कुल दो हजार 28 करोड़ रुपये खर्च होंगा। इसका फायदा 11 लाख 72 हजार 240 कर्मचारियों को मिलेगा। केंद्र सरकार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया। बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेलवे में अभी 13 लाख से अधिक कर्मचारी हैं। इनमें लगभग एक लाख 59 हजार कर्मचारियों ने पिछले वित्त वर्ष में ज्वाइन किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम 17,951 रुपये मिलेंगे। बोनस के पैसे रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, पर्यवेक्षक, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, ग्रुप सी स्टाफ, प्वाइंट्स मैन, मिनिस्ट्रियल स्टाफ एवं अन्य को भुगतान किए जाएंगे। यह पात्र कर्मचारियों को प्रदर्शन में सुधार की दिशा में प्रेरित करने के लिए प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा की छुट्टियों से पहले प्रोत्साहन के रूप दिया जाता है। वर्ष 2023-2024 में रेलवे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

इंटरनशिप योजना

युवाओं को सौगात, साल भर में मिलेंगे 66,000 रुपये

नई दिल्ली। पढ़े-लिखे आर्थिक रूप से कमजोर युवा-युवतियों के लिए सरकार दशहरे पर सौगात लेकर आई है। गुरुवार को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम की शुरुआत की गई। इस स्कीम में आवेदन के लिए सिर्फ वही युवा-युवती योग्य पात्र होंगे, जिनके परिवार की आय सालाना आठ लाख रुपए से कम है। केंद्र सरकार का आरक्षण नियम भी इस स्कीम में लागू होगा। यानी अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को आरक्षण मिलेगा लेकिन सिर्फ वही योग्य होंगे जो आर्थिक रूप से कमजोर होंगे। इंटर्नशिप स्कीम की घोषणा इस साल बजट में की गई थी जिसके तहत टाप 500 कंपनियों में अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को कुशल करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी मामले के मंत्रालय ने गुरुवार को इस स्कीम का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया। इसके तहत चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को रोजगार के लायक बनाने के लिए प्रशिक्षण व कुशलता हासिल करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण और कौशल विकास की अवधि 12 महीने की होगी और इस अवधि में उन्हें 5000 रुपए की आर्थिक मदद भी दी जाएगी। 4500 रुपए प्रतिमाह केंद्र सरकार देगी और कंपनी 500 रुपए उन्हें अपने सामाजिक दायित्व फंड से देगी। इसके अलावा कंपनी मामले मंत्रालय की तरफ से 6000 रुपए की एकमुश्त राशि भी सभी चयनित उम्मीदवारों को दी जाएगी। यानी कि प्रशिक्षण हासिल करने वाले उम्मीदवारों को एक साल में 66 हजार रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी। सभी राशि सीधे तौर पर उम्मीदवारों के खाते में दिए जाएंगे। इस इंटर्नशिप स्कीम से चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार पर 800 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा। वित्त एवं कंपनी मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि यह पूरी तरह से इंटर्नशिप कार्यक्रम है।

कहां है खटाखट-खटाखट... योगी का राहुल पर हमला

हरियाणा में गरजे योगी

❒ कांग्रेस शासन में मिर्चपुर में दलित बेटी व पिता को एक साथ जला दिया गया थाः योगी

कुरुक्षेत्र/कैथल/जींद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि फिर से भाजपा सरकार बनी तो संविधान व आरक्षण समाप्त कर देगी।

उन्होंने यह भी कहा था कि हर गरीब को एक लाख रुपये देंगे। कांग्रेस से पूछिए कि उनका 'खटाखट-खटाखट' कहां है। खटाखट-खटाखट कहने वाले राहुल गांधी मैदान छोड़कर सफाचट हो चुके हैं। कांग्रेस ने खटाखट के जरिए केवल झूठे वायदे किए, क्योंकि इन्होंने देश को सफाचट किया था। समाज को जाति, क्षेत्र, भाषा, मत-मजहब के नाम पर बांटना कांग्रेस के डीएनए का पार्ट है, जिससे देश को कमजोर किया जा सके। देश कमजोर होगा तो सनातन कमजोर होगा।

सनातन कमजोर होगा तो वर्तमान असुरक्षित और भावी पीढ़ी का भविष्य खराब होगा। कांग्रेस साजिश करने के लिए एड़ी-चोटी लगाती है, इसलिए कोई भी ईमानदार, सभ्य, विकास व सुरक्षा का आग्रही व्यक्ति उनके साथ खड़ा नहीं होता है। सीएम योगी प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को हरियाणा के चुनावी रण में उतरे। सभी को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने यहां तीन जनसभा की।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का हाथ ड्रग, भूमाफिया, कैटल, माइनिंग माफिया और दंगाइयों के साथ है। जगतजननी मां भगवती के उपासक समाज का माफिया व देशद्रोही तत्व बालबांका भी नहीं कर सकते। यह चुनाव ऐसे चंड-मुंड व महिषासुर से निपटने के लिए आया है। सीएम योगी ने कहा यूपी में साढ़े सात साल में दंगा नहीं हुआ, लेकिन इसके पहले हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था। महीनों कर्फ्यू लगा रहता था। हमने दंगा करने और करवाने वालों को चेताया कि ऐसा किया तो उल्टा टांगकर मिर्च का झोंका लगा देंगे। कोई बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ या व्यापारी का अपहरण नहीं कर सकता। किसान की फसल जबरन नहीं काट सकता, नौजवान की नौकरी के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता, क्योंकि ऐसा करने वालों की सात पीढ़ियों की पूरी संपत्ति लेकर गरीबों में वितरित कर दी जाती है। माफिया का उपचार केवल भाजपा है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन में 14 वर्ष पहले मिर्चपुर में दलित बेटी व पिता को एक साथ जला दिया गया था। जब तक समाज बेटी-बहनों के सम्मान की रक्षा नहीं करेगा, तब तक समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। यूपी में अब कोई भारत-समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त तत्व सिर उठाकर नहीं चल सकता। यूपी सरकार दुर्जनों से ठीक से निपटने के लिए भी जानी जाती है।

हरियाणा में थमा चुनाव प्रचार का शोर, 5 अक्टूबर को सभी 90 सीटों पर होगा मतदान

चंडीगढ़ एजेंसी। हरियाणा में चुनाव प्रचार खत्म हो गया है। 5 अक्टूबर को 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में हैं। वहीं, कांग्रेस को एक दशक के लंबे अंतराल के बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद है। हरियाणा में 90 सीट हैं जहां एक ही चरण में वोट डाले जाएंगे।

हरियाणा की सभी 90 सीटों पर मतदान 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 8 अक्टूबर को चुनावी नतीजे आएंगे। हरियाणा में 8,821 शतकवीरों सहित दो करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। शाम छह बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), इनेलो-बसपा और जजपा-आज़ाद समाज पार्टी ने रैलियां और रोड शो कर मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयास किए। अधिकारियों के अनुसार कुल 20,629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

चुनावी मैदान में कुल 1031 उम्मीदवार हैं, जिनमें 101 महिलाएं हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (लाडवा), विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा (गढ़ी सांपला-किलोई), इनेलो के अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद), जजपा के दुष्यंत चौटाला (उचाना कलां), भाजपा के अनिल विज (अंबाला कैंट) और ओपी धनखड़ (बादली) और कांग्रेस की विनेश फोगट (जुलाना) शामिल हैं।

भाजपा ने नफरत का बाजार खोला हमने मोहब्बत की दुकान खोलीः राहुल

नूह, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 5 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले चुनाव प्रचार के आखिरी दिन आज नूह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि हमने कश्मीर से कन्याकुमारी तक यात्रा निकाली और जहां भी बीजेपी ने 'नफ़रत का बाज़ार' खोला, हमने 'मोहब्बत की दुकान' खोलीं। उन्होंने दावा किया कि हम प्यार और एकता की बात करते हैं, वे नफरत फैलाते हैं और देश को तोड़ने की कोशिश करते हैं। राहुल ने दावा किया कि बीजेपी और आरएसएस संविधान को नष्ट कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कांग्रेस एक वैचारिक युद्ध लड़ रही है। एक तरफ संविधान को नष्ट करने की विचारधारा है, दूसरी तरफ संविधान की विचारधारा है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि मैं अमेरिका में हरियाणा के कुछ युवाओं से मिला, वे मुझसे अपनी समस्याएं साझा करना चाहते थे। उन्होंने मुझे बताया कि वे अमेरिका इसलिए आए क्योंकि हमें हरियाणा में नौकरी नहीं मिल सकती। हरियाणा में बेरोजगारी और महंगाई है और हमें नौकरियां नहीं मिल रही हैं। वे 50 लाख रुपये का कर्ज लेकर अमेरिका आये थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। पीएम मोदी अपने भाषणों में यह नहीं बता सकते कि उन्होंने हरियाणा को बेरोजगारी की सूची में शीर्ष पर कैसे पहुंचाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पीएम मोदी 'अरबपतियों' की सरकार चलाते हैं। उन्होंने 20-25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। पीएम मोदी ने हरियाणा के किसानों, मजदूरों और गरीबों का कितना कर्ज माफ किया? उन्होंने कहा कि हमें बेरोजगारी और महंगाई का हरियाणा नहीं चाहिए।

फैसला | सुप्रीम कोर्ट देश की जेलों में मैनुअल पर काम का बंटवारा करने वाले नियमों पर जताई चिंता

कैदियों को जाति के आधार पर काम का बंटवारा भेदभावः कोर्ट

केन्द्र को दिए आदेश

❒ कोर्ट ने भेदभाव वाले नियमों को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17,21 और 23 का उल्लंघन बताया

नई दिल्ली। जाति के आधार पर भेदभाव और छूआछूत समाप्त हो चुके हैं लेकिन आश्चर्य की बात है जेल मैनुअल में अभी भी यह शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने जेल में जाति के आधार पर काम का बंटवारा करने और जाति आधारित भेदभाव बढ़ाने वाले नियमों पर चिंता जताते हुए गुरुवार को राज्यों के जेल मैनुअलों के भेदभाव वाले प्रविधान रद कर दिए। कोर्ट ने भेदभाव वाले नियमों को संविधान के अनुच्छेद 14, 15,17,21 और 23 का उल्लंघन बताया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपने जेल मैनुअल के प्रविधानों और नियमों को कोर्ट के आदेश के मुताबिक, तीन महीने में पुनरीक्षित करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि जातिगत भेदभाव को दूर करने के लिए मॉडल प्रिजन मैनुअल 2016 और मॉडल प्रिजन एंड करेक्शनल सर्विस एक्ट 2023 में तीन महीने के भीतर जरूरी सुधार करे जैसा कि फैसले में इंगित किया गया है।

आदेश में कहा गया है कि राज्यों के जेल मैनुअल में जहां भी आदतन अपराधी (हैबिचुअल अफ़ेन्डर) का संदर्भ होगा वह संदर्भ राज्य के कानूनों में आदतन अपराधी की दी गई परिभाषा के अनुसार होगा और अगर राज्य के जेल मैनुअल में जाति के आधार पर आदतन अपराधी का संदर्भ है तो वह असंवैधानिक होगा। कोर्ट ने आदेश दिया है कि जेल के भीतर रजिस्टर में कहीं भी अगर विचाराधीन कैदियों या सजा काट रहे कैदियों के रजिस्टर में जाति का कालम है तो उसे मिटा दिया जाए यानी समाप्त कर दिया जाए। यह भी कहा है कि पुलिस सुनिश्चित करेगी कि डीनोटीफाइड जनजातियां मनमानी गिरफ्तारी का शिकार न हों। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को तीन महीने बाद उचित पीठ के समक्ष सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया है। पहली सुनवाई पर सभी राज्य इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट दाखिल करेंगे। इस मामले में दिसंबर 2023 में याचिका लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने 10 महीने के अंदर सुनवाई पूरी कर ली। 10 जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को भी अदालत में पढ़ा था।

इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तर्क दिया कि हमारी जेलों में कोई जातिगत भेदभाव नहीं है, लेकिन चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने जेल नियमों को पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई। केंद्र सरकार ने इसी साल फरवरी में को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक अधिसूचना जारी की थी।

संक्षिप्त खबरें

51 शक्तिपीठ में मां की आराधना के संग पीण्डी पूजन शुरु

लखनऊ। नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव आज से शुरु हो गया। आचार्य धनन्जय पाण्डेय ने सुबह कलश स्थापना के बाद प्रथम शैलपुत्री की पूजा अर्चना की। 51 शक्तिपीठ में नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पिंडी पूजन, हवन हुआ। पिंडी पूजन संस्था के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने किया बाद में विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डाली। नवरात्र के पहले दिन मां का नीलांबर सिंगार किया गया।

सशक्तिकरण व स्वावलम्बी बनाने पर जोर

लखनऊ। राज्य महिला आयोग का पुनर्गठन करते हुये शासन द्वारा प्रदेश की महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें स्वावलम्बी बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश आयोग को दिये गये, जिसके क्रम में आज आयोग की अध्यक्ष ड. बबीता सिंह चौहान की ओर से प्रदेश के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर जनपद में स्थित महिला बन्दीगृह महिला एवं बालिका गृह बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार केन्द्र कस्तूरबा गांधी विद्यालय अटल आवासीय विद्यालय जैसी महिला संस्थाओं में आवासरत महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में जनपद की संस्थाओं का निरीक्षण कराकर आवश्यक लाभ दिलाने एवं संस्थाओं में आवासरत महिलाओं के रहने के स्थान की समुचित साफ-सफाई तथा आगामी त्योहारों में विशेष रूप से आने वाली नवरात्रों में व्रत रखने वाली महिलाओं को व्रत हेतु खान-पान फलाहार व पूजा-पाठ आदि से सम्बन्धी समुचित सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

महापौर-महाप्रबंधक ने मृतक आश्रितों को दिए नियुक्ति पत्र

लखनऊ। महापौर, नगर निगम, लखनऊ के निर्देशों पर जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग लखनऊ मे नई पहल के रूप मे सेवाकाल मे मृत्यु हुए कर्मचारियों के आश्रितों को जलकल विभाग, मे मृतक आश्रित के रूप मे सेवायोजित किये जाने हेतु नियुक्ति पत्र का वितरण महापौर सुषमा खर्कवाल एवं महाप्रबन्धक, जलकल विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान रंजीत सिंह,कार्यकारिणी सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी इत्यादि उपस्थित हुए। इन नियुक्त हुए कर्मचारियों में पवन कुमार गौड़, जूनियर फिटर, अनिकेत प्रजापति, गैंगमैन, पंकज, गैंगमैन, प्रेमलता, गैंगमैन, संजय कुमार पाल, गैंगमैन शामिल है। इसके अलावा सितम्बर-2024 मे सेवानिवृत्त हुए राकेश कुमार पम्पचालक जोन-7, सरस्वती सफाई कर्मचारी के विदायी समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे इनकी सेवानिवृत्तिक देयकों का भुगतान किया गया।

नगर आयुक्त ने त्यौहारों के मद्देनजर दिए निर्देश

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के द्वारा शहर में साफ सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने एवं निगम द्वारा दी जा रही सेवाओं को गति प्रदान करने के उद्देश्य से समय समय पर निरीक्षण किया जाता है।वहीं नवरात्रि एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत भी नगर में विशेष रूप से साफ सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश उनके द्वारा जारी किए गए हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते है।

ई निविदा सूचना सं0:-एनईआर-बीएसबी-2024-135, **कार्य का नामः** समई/सिवान अनुभाग के अन्तर्गत छपरा-भटनी, सिवान-थावे, हथुवा-पंचदेवरी तथा दुरौधा-मसरख में विभिन्न बोर्ड जैसे स्टेशन नेम बोर्ड (आरसीसी टाइप), कर्व बोर्ड, एसईजे/एलडब्लूआर बोर्ड, टी/ओ बोर्ड, ब्रिज बोर्ड, कि०मी० पोस्ट, ग्रेडियेन्ट पोस्ट, स्टेशन नेम बोर्ड (टेयरी बोर्ड) तथा साइनेज का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹48,38,438/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹96,800.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 06 माह।

ई निविदा सूचना सं0:-एनईआर-बीएसबी-2024-136, **कार्य का नामः** झूसी-दारागंज के मध्य पुल संख्या 111 कि०मी० 321/6-322/12, मांझी-बकुलहा के मध्य पुल संख्या 16 कि०मी० 17/4-18/6 पनियहवा-वाल्मिकीनगर स्टेशनों के मध्य पुल संख्या 50 कि०मी० 305/8-306/6, औडिहार-भटनी के मध्य पुल संख्या 137 कि०मी० 177/1-6, भाटपाररानी भटनी के मध्य पुल संख्या 119 कि०मी० 426/0-3 तथा लाररोड-बेलथरारोड के मध्य पुल संख्या 31 कि०मी0 27/10-28/12 (कुल 6 अदद) मे 3 वर्ष हेतु स्वचालित जलस्तर निगरानी की वार्षिक रखरखाव कार्य। अनुमानित लागतः ₹47,46,470/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹94,900.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 36 माह।

ई निविदा सूचना सं0:-एनईआर-बीएसबी-2024-137, **कार्य का नामः** हथुवा-पंचदेवरी तथा दुरौधा-मसरख :- शैलो स्क्रीनिंग (कुल-52.00 कि०मी०)। अनुमानित लागतः ₹1,76,92,964/- बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि): ₹2,38,500.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 30.10.2024, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 08 माह।

निविदा सूचना सं:-एनईआर-बीएसबी -2024-135 से एनईआर-बीएसबी -2024 -137 दिनांक 30.10.2024 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना मे हिन्दी एवं अग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)

मुजाधि/डब्लू-262 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

राष्ट्रीय पुस्तक मेले के सातवें दिन कई साहित्य का हुआ विमोचन

खरी कसौटी ब्यूरो

कालजयी रचनाओं संग नया अनूदित साहित्य और विवेचनात्मक किताबें विमर्श और व्यक्तित्व, सांपों की सभा, हरिः पाद्य का हुआ विमोचन

लखनऊ। बलरामपुर गार्डन में चल रहे इक्कीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में प्रेमचन्द, बच्चन, भारती, निराला आदि कालजयी रचनाकारों के साहित्य के संग नया अनूदित और विवेचनात्मक साहित्य भी खूब है। अयोध्या और सुल्तानपुर से आये शिक्षक मेले में कुछ ऐसी ही मीमांसात्मक किताबों की तलाश में मेले में आये थे।

सातवें दिन जहां मेले में किताबों के विमोचन का सिलसिला रहा वहीं शिवमूर्ति जैसे रचनाकार भी आयोजन के संग स्टालों पर किताबों के बीच दिखायी दिये। प्रकाशन संस्थान में कर्ण सिंह चौहान की यात्रा संस्मरणों पर अमेरिका की यात्राएं, देश देशांतर, कोरिया, बुल्गारिया और यूरोप में यात्राएं नयी किताबों में पसंद की जा रही हैं। नयी किताबों में यहां इवान तुर्गनेव की शिकारी की डायरी, आन्द्रेई प्लातोनव की इमारत की नींव और पाब्लो नेरुदा का प्रभाती नौटियाल द्वारा अनूदित कविता संग्रह

आज के कार्यक्रम

पूर्वाह्न 11.00 बजे कार्यक्रम : निखिल प्रकाशन, शाम 4.00 बजे विमोचन : मुताह- एक शोधपरक अध्ययन, शाम 5.00 बजे कार्यक्रम : राजकमल प्रकाशन, शाम 6.30 बजे आयोजन : बहुजन समाज

यही है सादी की मांग है। सस्ता साहित्य मंडल के स्टाल पर कनक तिवारी की चर्चित पुस्तक संविधान की शिनाख्त के अलावा कृष्णदत्त पालीवाल की हिन्दी आलोचना का उत्तर आधुनिक विमर्श, इन्द्रनाथ चौधुरी की पाश्चात्य काव्यशास्त्र का संक्षिप्त विवेचन जैसी विवेचनात्मक पुस्तकें भी खूब हैं। नई किताब प्रकाशन में देवेन्द्र सत्यार्थी की दो खण्डों में लोक साहित्य और भारतीय संस्कृति, विजय राय के संपादन में हिंदी की भूमण्डलोत्तर कथा भूमि व हिंदी के प्रमुख साठोत्तर कथाकार जैसी स्तरीय समीक्षात्मक पुस्तकों के संग कमल किशोर गोयनका की प्रेमचंद साहित्य रचनावली प्रबुद्ध पाठकों को रास आ रही हैं। साहित्यिक मंच पर तकी मीर फाउण्डेशन की ओर से मलिकजादा जावेद के संयोजन में शेरो-शायरी का दौर चला तो इससे पहले आर्य समाज की ओर से अध्यात्मिक समारोह हुआ। संध्या समय वीरेन्द्र यादव की समसामयिक वैचारिक मुद्दों पर लिखी किताब विमर्श और व्यक्तित्व के विमोचन अवसर पर मुख्य रूप से शिवमूर्ति और लेखक ने विचार रखे। इसी क्रम में अनूप मणि त्रिपाठी के व्यंग्य संग्रह सांपों की सभा का विमोचन हुआ और अनूपमणि ने लघु व्यंग्य भी पढ़े। अनिल कुमार श्रीवास्तव की पुस्तक श्री हरिः पाद्य का विमोचन पद्मश्री विद्याविंदु सिंह की अध्यक्षता और रचनाकार डा.अमिता दुबे, डा.अनिल मिश्र, पद्मकांत शर्मा आदि की उपस्थिति में उनके विचारों के बीच हुआ। शाम को साहित्यकार संसद व नमन प्रकाशन तत्वावधान में ग़ज़लों की एक शाम अधीरजी के नाम रचनाकार भोलानाथ अधीर की अध्यक्षता में हुई। नवीन शुक्ल नवीन के संचालन में डा.शोभा दीक्षित रचना मिश्रा, रामप्रकाश बेखुद, सरवत जमाल, मनीश शुक्ल आदि ने अपने-अपने कलाम पेश किये। ऐमिटी यूनीवर्सिटी ने मेला परिसर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। क्लीनिकल साइकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने सहायक प्रो.अंशुमा दुबे के मार्गदर्शन में मेले में आए हुए पुस्तक प्रेमियों को मानसिक स्वास्थ के प्रति न केवल जागरूक किया। साथ ही चिंता, तनाव, अवसाद, नशे की लत आदि समस्याओं के प्रति समाधान भी किया। इसी विषय पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाएगी योगी सरकार

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश भर में गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। सीएम योगी ने इसके लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश को हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशुआहार उपलब्ध कराने के लिए फैसला लिया है। इसी क्रम में प्रदेश के 12 जिलों में 27 हजार से अधिक गोचर भूमि को शत प्रतिशत कब्जामुक्त किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को गोचर भूमि को अवैध कब्जाधरियों से मुक्त कराने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है ताकि अभियान की प्रॉपर मानीटरिंग हो सके। वहीं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में गोचर भूमि की सूची तैयार की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितनी गोचर भूमि पर कब्जा है। इसी के अनुसार जिलावार अभियान को चलाया जाएगा। बता दें कि समय-समय पर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में एक बार फिर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो। बता दें कि प्रदेश भर में राजस्व अभिलेखों के अनुसार 65,177 हेक्टेयर गोचर भूमि है। इनमें हरदोई में 4,599 हेक्टेयर, कानपुर नगर में 3,678 हेक्टेयर, रायबरेली में 3349 हेक्टेयर, लखनऊ में 3,077 हेक्टेयर, फतेहपुर में 2805 हेक्टेयर और अमेठी में 2,005 हेक्टेयर गोचर भूमि है। वहीं अब तक 27,688.75 हेक्टेयर गोचर भूमि कब्जामुक्त करायी जा चुकी है, जिसका प्रतिशत कुल गोचर भूमि का 42.48 प्रतिशत है। वहीं 37,488.25 हेक्टेयर गोचर भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

गंगा कटान स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता, प्रशासन से मदद की गुहार

खरी कसौटी ब्यूरो

उन्नाव। जनपद में गंगा नदी के कटान ने स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय उत्पन्न कर दिया है। शक्ति नगर मोहल्ले में कटान की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे कई पक्के मकान खतरे में आ गए हैं। स्थानीय लोग प्रशासन के प्रति नाराजगी और चिंता व्यक्त कर रहे हैं, और उन्होंने प्रशासन से जिओ बैग लगाने की अपील की है। स्थानीय निवासी गंगाराम ने बताया कि उन्होंने कटान की समस्या के बारे में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को जानकारी दी थी। गंगाराम ने कहा, मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि कटान तेजी से बढ़ रहा है और इसके समाधान के लिए जल्द कदम उठाने की आवश्यकता है। पालिकाध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि एक दो दिन में कटान रोकने के इंतजाम किए जाएंगे, लेकिन अब एक सप्ताह बीत चुका है और कोई भी अधिकारी समस्या का समाधान करने नहीं आया। गंगा का जलस्तर घटने के बाद कटान ने और तेजी पकड़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले पंद्रह दिनों में दो मकान गंगा में समा चुके हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। एक निवासी सुमित्रा ने कहा, ष्हम हर दिन इस खतरे का सामना कर रहे हैं। हमारी संपत्ति और घरों को नुकसान पहुँचने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासन हमारी चिंताओं को अनसुना कर रहा है। यह अत्यंत दुखद है कि हमारी सुरक्षा के लिए कोई ध्यान नहीं दे रहा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने कटान को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, लेकिन स्थानीय लोग इसे महज खानापूर्ति मानते हैं। कटान के कारणों में प्रा.तिक और मानव निर्मित दोनों तत्व शामिल हैं। बारिश के मौसम में जलस्तर बढ़ने और फिर घटने से कटान की समस्या और भी गंभीर हो गई है। निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो और अधिक मकान कटान की चपेट में आ सकते हैं।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने स्थानीय नेताओं से भी अपील की है कि इस मामले पर ध्यान दिया जाए। गंगा कटान की समस्या न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर डाल रही है। कई लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है।इसलिए, प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस मुद्दे को संजीदगी से लें और तुरंत जिओ बैग डलवाने का कार्य प्रारंभ करें।

सपेरे को सांप ने डसा, मौत

उन्नाव। बांगरमऊ कस्बे में एक सपेरे की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार और गांव में शोक की लहर फैल गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन जारी है। जिला कानपुर देहात के थाना ककवन क्षेत्र के गांव औरौ ताहरपुर निवासी ऋषिनाथ (50) पुत्र सबूती अपने परिवार और गांव के अन्य लोगों के साथ कानपुर नगर के कस्बा अरौल में डेरा डालकर सांप दिखाता था। वह इस धंधे के जरिए अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। ऋषिनाथ और उसके साथी शिवनाथ भी एक सपेरा था। कस्बा फतेहपुर चौरासी स्थित शीतला देवी मंदिर के पास सांप दिखाने के लिए आए थे। वहां वह श्रद्धालुओं से पैसे मांग रहे थे। इसी दौरान, कस्बे के एक युवक ने उनसे सांप पकड़ने के लिए अनुरोध किया। युवक ने ऋषिनाथ और शिवनाथ को अपने घर बुलाया ताकि वे उसके मकान में सांप पकड़ सकें। सपेरों के घर पहुंचने पर ऋषिनाथ और उसके साथी ने घर में सांप पकड़ने की प्रक्रिया शुरूकी थी।

संदिग्ध परिस्थितियों में नाविक का फंदे से लटकता मिला शव

उन्नाव। जनपद के मौरावां थाना अंतर्गत केदारनाथ खेड़ा गांव में एक युवक का फांसी के फंदे से संदिग्ध परिस्थितियों में शव लटकता मिला। परिवार वालों की चीख पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मौरावां थाना पुलिस ने शव को पोस्टमर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार केदारनाथ खेड़ा गांव निवासी सुरेश कश्यप गुरुवार बुधवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। आज सुबह जब काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो पत्नी राम रानी कमरे की ओर गई, जहां उसका शव फंदे से लटकता हुआ पाया। पत्नी की चीख पुकार सुनकर घर के बाकी लोग जमा हो गए। मोहल्ले के लोगों की भी भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मौरावां थाना प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मृतक नाव चला कर घर का जीवन यापन करता था। उसके 3 बेटे हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की उसकी पत्नी के साथ अक्सर मारपीट होती रहती थी। पोस्टमर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

वर्षो से धारा 56 का उल्लंघन कर रही बिजली कम्पनियां

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश की बिजली कम्पनिय लम्बे वर्षो से विद्युत उपभोक्ता के साथ धोखा कर रही है। विद्युत अधिनियम की धारा 56 में विद्युत बकाए कनेक्शन को कटाने का 15 दिनों के नोटिस का नियम है लेकिन प्रदेश की बिजली कम्पनिय इस नियम का उल्लंघन ही नही कर रही बल्कि उसे बकायदा बिजली बिल पर प्रिन्ट करा रखा है। उपभोक्ता परिषद के अनुसार प्रदेश की बिजली कंपनियों में लंबे समय से विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 का उल्लंघन किया जा रहा है।

विद्युत अधिनियम 2003 की इस धारा के तहत बकाया पर किसी भी विद्युत उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन काटने का अधिकार तभी होगा जब देय तिथि के नेट 15 दिन बाद बिजली के बकाए का भुगतान नहीं करेगा। यानी की देय तिथि के 15 दिन की अनिवार्य रूप से नोटिस दिया जाना जरूरी है। प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को जो बिजली का बिल देती है उसी को बिल कम नोटिस मानती है।

ऐसे में 7 दिन की जगह उसे 15 दिन की मोहलत कानून के तहत मिलनी चाहिए। लेकिन प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को जो बिल दे रही है।

उसके पीछे प्रिंट कर दिया है कि देय तिथि को भुगतान न करने पर 7 दिन बाद संयोजन विच्छेदन कर दिया जाता है ।जो पूर्णतया विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 का खुला उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 जो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया पर देय तिथि के बाद बिजली कनेक्शन काटने का कानूनी अधिकार देता है वह 15 दिन का है। ऐसे में पावर करपोरेशन व प्रदेश की बिजली कंपनियां जो काफी लंबे वर्षों से यह आसंवैधानिक परिपाटी को आगे बढा रही है। उसको तत्काल रोक लगाई जाय। इससे ऐसा सिद्ध होता है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों को विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों का ज्ञान नहीं है। जिससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के मन में बिजली कंपनियों के खिलाफ उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना लाजिमी है।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की बिजली कंपनियों ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 का उल्लंघन करके या सिद्ध कर दिया कि उनके द्वारा और भी अनेकों मामलों में जरूर उदासीनता बरती जा रही होगी। उपभोक्ता परिषद इसकी गहनता से छानबीन करेगा इसके बाद विद्युत नियामक आयोग से भी बात करेगा। क्योंकि मामला गंभीर है इस प्रकार की कार्यवाही नहीं होनी चाहिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को तत्काल इस प्रकार की गलत कार्यवाही पर रोक लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी ने ग्रहण किया पदभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के नवमनोनीत अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने आज यहां इंदिरा भवन स्थित उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग में पद्भार ग्रह्ण किया। इसके साथ ही जसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह ने उपाध्यक्ष के रूप में तथा राजेश सिंह सेंगर ने सदस्य के रूप में पद्भार ग्रह्ण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने गोसंरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनायेगे। गौसंरक्षण कार्यों में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। आयोग के पदाधिकारीगण प्रदेश में गौसंरक्षण कार्यों में अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित करेंगे। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और गौजनित उत्पादों को व्यवसायिक रूप से लाभकारी बनाना आयोग की प्राथमिकता रहेगी। गुप्ता ने कहा कि गोवंश के माध्यम से प्रा.तिक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। प्रदेश की समस्त गोशालाओं को प्रशिक्षण केन्द्र बनाते हुए गो आधारित .षि, बायोगैस उर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों के माध्यम से गोशालाओं को स्वाबलम्बी बनाये जाने हेतु योजना तैयार की जाएगी। गोपालन को बढावा दिया जाएगा, जिससे किसान गोवंश को निराश्रित न छोड़े। स्वयंसेवी सस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को साथ लेकर गोपालन, गो संरक्षण, गो संवर्धन को बढावा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने चारागाह विकास तथा गोमाता के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला। सदस्य राजेश सिंह सेगर ने गाय और मानव स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की। पूर्व अध्यक्ष श्याम नन्दन सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवमनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित आयोग गो संरक्षण एवं गो संवर्धन की दिशा में मुख्यमंत्री के संरक्षण में नये आयाम स्थापित करेगा। अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों के पद्भार ग्रह्ण पर आयोग के सचिव, अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने आयोग के पुर्नगठन पर हर्ष प्रकट किया।

नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

उन्नाव। जनपद में गुरुवार को जय माता की जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे, जब नवरात्र के पहले दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे। शुक्लागंज के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन मंदिर में माता के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। व्रत रखने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही, जिन्होंने पूजा के लिए पहले से ही तैयारियां कर रखी थीं। मंदिरों में शैलपुत्री माता की पूजा की गई, जिनका नाम लोक में सती, पार्वती, और उमा के रूप में प्रसिद्ध है। भक्तों ने घरों में कलश स्थापना की और पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों का रुख किया। सीमा, मोनिका, कंचन जैसी श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने पहले ही व्रत की सामग्री खरीद ली थी और सुबह जल्दी उठकर पूजा की तैयारियों में जुट गईं। नवरात्र के साथ ही बाजारों में पूजन सामग्री के दामों में भारी वृद्धि देखने को मिली। नारियल, चुनरी, और कलश जैसी वस्तुएं महंगी हो गईं, जिससे व्रत करने वालों को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। पाँच रुपये वाली चुनरी अब 10 रुपये में मिल रही है, और नारियल की कीमत 20 रुपये से बढ़कर 25 रुपये हो गई है। जिले के गौरी शंकर मंदिर, आदिबद्री माता मंदिर, और श्री हनुमान दुर्गा मंदिर में भी भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिससे भक्तिमय माहौल बना रहा। इस बार नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को महंगाई का सामना करना पड़ेगा। नारियल, कूटू का आटा, सिंघाड़ा आटा, और मखाना जैसी सामग्री की कीमतें पिछले साल के मुकाबले सवा से डेढ़ गुना तक बढ़ गई हैं। फल और पूजा सामग्री की कीमतें भी आसमान छू रही हैं, जिससे व्रत रखने वाले लोगों के लिए कठिनाई बढ़ गई है।

इंस्पेक्टर समेत 9 पुलिसवालों के तबादले, एसपी ने की कार्रवाई

उन्नाव। जनपद में काम में लापरवाही करने वाले पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। पुलिस अधीक्षक ौच) ने जिले में तैनात 10 पुलिस कर्मियों को तबादला किया है। इनमें वे पुलिस कर्मी शामिल हैं जिनके खिलाफ लगातार कार्यशैली खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं। ौच कार्यालय से जारी तबादला सूची में शामिल पुलिस कर्मियों को तत्काल रवानगी का निर्देश दिया गया है। दरअसल एसपी दीपक भूकर को लगातार कुछ कर्मचारियों के खिलाफ काम में लापरवाही और खराब रवैय्ये की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद एसपी ने गोपनीय तरीके से जांच कर ऐसे पुलिस कर्मियों को चिह्नित किया और उनका तबादला कर दिया है। वहीं पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत कुछ पुलिस कर्मियों को पोस्टिंग दी है। जारी तबादला सूची के अनुसार, पुलिस लाइन अनावरण शाखा में तैनात इंस्पेक्टर राजेश पाठक को बांगरमऊ कोतवाली में प्रभारी पद पर तैनाती दी है। इंस्पेक्टर रहे राजकुमार को 13 सितंबर को लूट की घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। इसके अलावा सूची के अनुसार पुलिस लाइन में तैनात दरोगा रविंद्र मालवीय को चौकी प्रभारी राजबाग थाना अजगैन, अनुपम सिंह भदौरिया को थाना सफीपुर, समीम खान को थाना माखी, मोहनलाल को थाना बांगरमऊ, मो. रफीक को चौकी प्रभारी दरोगा खेड़ा थाना दही, दीपक सिंह पटेल को चौकी प्रभारी सदर थाना कोतवाली, रामेश्वर को थाना मौरावां, अरविंद पांडे को चौकी प्रभारी रसूलाबाद थाना आशिवान, अनिल कुमार सिंह को थाना अजगैन से थाना एएचटीयू भेजा है।

एक और बच्चे में डिप्थीरिया की पुष्टि,अब तक 187 संक्रमित

उन्नाव। गलघोंटू बीमारी (डिप्थीरिया) के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रोजाना किसी न किसी बच्चे में इस बीमारी की पुष्टि हो रही है। हाल ही में सफीपुर ब्लक के ककरौरा गांव के संतोष के 15 वर्षीय बेटे विशाल में डिप्थीरिया के लक्षण देखे गए। कई दिनों से बुखार और गले में दर्द से परेशान विशाल को परिजन सीएचसी लेकर गए, जहां डक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल, विशाल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब तक 187 बच्चों में डिप्थीरिया की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें से 17 गंभीर मामलों में बच्चों की असमय मौत हो चुकी है। सीएमओ ड. सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीमों द्वारा टीकाकरण और जांच का काम जारी है। टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और लापरवाहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मानसून के मौसम में संक्रमक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अवकाश के दिनों में जिला अस्पताल की ओपीडी बंद रहने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान 16 नए मरीज भर्ती किए गए, जिनमें से पांच को लंबे समय से बुखार आने की स्थिति में डेंगू और मलेरिया की जांच के लिए सैंपल भेजा।

अयोध्या में प्रदेश की पहली 3डी प्रिंटेड आर्ट गैलरी का निर्माण कराएगी योगी सरकार

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अयोध्या को विरासत और आधुनिक वैभव से युक्त नगरी के तौर पर रूपांतरित कर रही है। अयोध्या की पहचान तो आध्यात्मिक स्थलों के कारण विशिष्ट है ही, मगर इसे आधुनिक नागरिक सुविधों तथा क्लास अपार्ट आर्किटेक्चरल मॉन्यूमेंट्स युक्त शहर के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

इसी क्रम में, एक अभिनव प्रयास के तहत अयोध्या में प्रदेश की पहली थ्रीडी प्रिंटेड आर्ट गैलरी का निर्माण होने जा रह

नगर निगम के बेड़े में शामिल सफाई वाहनों, सीवेज सफाई की अत्याधुनिक मशीन को भी दिखाई हरी झंडी

नवरात्र के पहले दिन योगी ने दी नारी गरिमा और सम्मान से जुड़ी सौगात

सिविल लाइंस के पार्क रोड पर पिंक बस टॉयलेट का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बनाया गया है कैफ़े, चलाने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ/गोरखपुर। महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ी बड़ी सहूलियत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र के पहले दिन सिविल लाइंस स्थित पार्क रोड पर पिंक बस टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहनों, सीवेज सफाई की अत्याधुनिक मशीनों, बैंडीकोट रोबोट और विदेश से मंगाई गई डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने नवरात्र दुर्गोत्सव के उपलक्ष्य में स्वच्छ पंडाल पोस्टर को विमोचन भी किया और लोगों को जीरो वेस्ट त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया। पिंक बस टॉयलेट का फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंदर जाकर इसका अवलोकन-निरीक्षण किया और इसमें बनाई गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पिंक बस टॉयलेट के पिछले हिस्से में बने कैफ़े का भी उद्घाटन किया और इस कैफ़े का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनका उत्साह बढ़ाया। नगर निगम की तरफ से सिविल लाइंस क्षेत्र में इस पिंक बस टॉयलेट की शुरुआत होने के साथ इसकी संख्या दो हो गई है।

इसके पहले एक पिंक टॉयलेट रामगढ़ताल रोड पर बुद्धा गेट के आगे पहले से ही क्रियाशील है। पिंक बस टॉयलेट को कबाड़ घोषित रोडवेज की बसों को मोडिफाइड करके बनाया गया है। इसमें इंडियन और वेस्टर्न टॉयलेट, वॉश बेसिन, आदि की सुविधा है। इसमें प्रसाधन संबंधी सुविधाओं के साथ कैफ़े की भी सुविधा दी गई है। पिंक बस टॉयलेट में बिजली संबंधी

जरूरतों को पूरा करने के लिए सोलर सिस्टम भी इंस्टाल किया गया है। वाहन के पिछले हिस्से में कैफ़े बनाया गया है। कैफ़े के संचालन से जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा गया है। कैफ़े में खानपान के कई तरह सामान मिलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सफाई वाहनों हरी झंडी दिखाए जाने के साथ ही महानगर की सफाई व्यवस्था अब और भी सुदृढ़ हो जाएगी। सीएम योगी ने आज नगर निगम के सफाई बेड़े के शामिल डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की 12 छोटी गाड़ियों, दो बड़ी गाड़ियों को रवाना किया। साथ ही उन्होंने करीब छह करोड़ रुपये की लागत वाली डी-वॉटरिंग फीकल स्लज सेफ्टी मशीन को भी हरी झंड़ी दिखाई। इसकी मदद से तंग गलियों में सेफ्टी टैंक की सफाई कर मशीन में ही डी-वॉटरिंग कर स्लज और सीवेज के जल को अलग कर देता है। उसके बाद जल को शोधित कर सीधे ही नदी या तालाब में डाला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने करीब 50 लाख रुपये की लागत वाले बैंडीकोट रोबोट का भी लोकार्पण किया। मेनहोल दूर से संचालित रोबोट से सफाई मजदूरों को खतरनाक और तंग सीवर पाइपों में प्रवेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पार्षद अजय राय समेत कई पार्षद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की तृतीय बैठक संपन्न

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन की स्टेट स्टीयरिंग कमेटी की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के संचालन हेतु प्राविधानित कुल बजट 7421.08 लाख रुपये के सापेक्ष तैयार की गई कार्ययोजना को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अनुमोदित कार्ययोजना के तहत प्रदेश में नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अन्तर्गत 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौवंश की 294 इकाई स्थापित की जायेंगी, जिस पर 1730.08 लाख रुपये का व्यय प्रस्तावित है। इसके अलावा अवशेष धनराशि का व्यय मिशन की विभिन्न योजनाओं के अनुदान व अन्य मदों में किया जायेगा। इसी क्रम में बैठक में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना को द्वितीय चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 में शेष 57 जनपदों में लागू करने का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह योजना 18 मण्डल मुख्यालय के जनपदों में लागू की गई थी। इसी प्रकार नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना को द्वितीय चरण में प्रदेश के शेष 08 मण्डल मुख्यालय जनपदों में 40 इकाइयों के संचालन के प्रस्ताव व कैटल शेड डिजाइन को अनुमोदन प्रदान किया गया। नन्दिनी कृषक समृद्धि मिनी योजना के संचालन के प्रस्ताव को बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। यह स्वदेशी नस्ल के 10 गायों की योजना है। इस योजना में प्रदेश के सभी 75 जनपद आच्छादित हैं।

इस योजना में साहीवाल, गिर एवं थारपारकर प्रजाति के गौवंश का प्रदेश के बाहर से क्रय करने की व्यवस्था है। परियोजना की इकाई लागत 23.60 लाख रुपये प्रस्तावित है। इकाई लागत का 50 प्रतिशत अनुदान 02 किश्तों में लाभार्थी को दिया जायेगा। जनपद स्तर पर लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समित द्वारा किया जायेगा।

मनरेगा के श्रम बजट निर्धारण में प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन, कृषि एवं आजीविका संवर्द्धन पर हो फोकस

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मनरेगा के तहत वर्ष 2025-26 के श्रम बजट निर्माण कम से कम 60% कार्य (लागत की दृष्टि से), कृषि एवं उससे सम्बन्धित गतिविधियों पर किये जाये। मनरेगा में 2025-26 के श्रम बजट निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने मनरेगा से अन्य विभागों के अभिसरण के लिए समेकित कार्ययोजना तैयार किये जाने के निर्देश दिए गये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि श्रम बजट के अन्तर्गत लिये जाने वाले कार्यों में मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन, कृषि एवं उससे सम्बन्धित गतिविधियों, व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिये आजीविका सर्वद्धन से सम्बन्धित कार्यों पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। ग्रामीण अवस्थापना के लिए कराये जाने वाले कार्यों में चौदहवां वित्त एवं राज्य वित्त के वित्तीय संसाधनों का मनरेगा योजना से अभिसरण करने से

गुणवत्तापरक परिसम्पत्तियों का निर्माण हो सकेगा। योजना के तहत श्रम बजट-2025-26 की तैयारी में 14 आधारभूत कार्य अनिवार्य रूप से सम्मिलित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें जल निकासी हेतु नाली एवं आंतरिक सड़क निर्माण संबधी कार्य, मोरिंगा वृक्षारोपण, (सीएलएफ पीआईए के रूप में) चॉक मार्ग/बंध का निर्माण,सामुदायिक एवं व्यक्तिगत बायो गैस प्लांट का निर्माण,अमृत सरोवर,सामुदायिक मेड़बन्धी (आवश्यकतानुरूप कृषि विभाग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए), सामुदायिक व्यक्तिगत पशु आश्रय स्थल का निर्माण, चारागाह विकास,खेल मैदान निर्माण (आवश्यकता अनुरूप राज्य वित्त /14 वें वित्त एवं युवा कल्याण विभाग के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए), अन्त्येष्टि स्थल निर्माण (आवश्यकतानुरूप राज्य वित्त / 14 वें वित्त के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए) ग्रामीण हॉट निर्माण,मनरेगा एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य कन्वर्जेन्स,रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिगं संरचनाएं, सी0सी0 रोड निर्माण (आवश्यकतानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में न्यूनतम 500 मीटर) हैं। इस सम्बन्ध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने समस्त जिलाधिकारियों/ जिला कार्यक्रम समन्वयकों को जारी दिशा निर्देशों में कहा जा चुका है कि मनरेगा श्रम बजट निर्माण की प्रक्रिया, कार्य की मांग के आधार पर श्रम बजट का निर्माण कराया जाएगा। कार्य योजना निर्माण गांव की आवश्यकता का ध्यान रखते हुए 6चरणों में किये जाने का प्राविधान है।प्रथम चरण में आवश्यकताओं की पहचान, द्वितीय चरण मे ग्राम पंचायत में संसाधन की उपलब्धता, तृतीय चरण मे कार्ययोजना को तकनीकी रूप से बनाने की तैयारी, चौथे चरण में ग्राम सभा की अनुमति, पांचवें चरण में कार्ययोजना को अंतिम रूप देना आदि है।

सचान ने इंटरनेशनल ट्रेड शो के सफल आयोजन के लिए व्यक्त किया धन्यवाद

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस आयोजन ने प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि इस बार ट्रेड शो में 4,25,268 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.91 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के उद्योगों की बढ़ती क्षमता और व्यापारिक अवसरों की पुष्टि करती है।

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस बार उ2उ (बिजनेस टू बिजनेस) और उ2ए (बिजनेस टू कस्टमर) क्षेत्रों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। इसमें 1,03,688 बिजनेस टू बिजनेस प्रतिभागियों और 3,21,580 बिजनेस टू कस्टमर प्रतिभागियों ने भाग

लिया, जो क्रमशः 42.84 प्रतिशत और 50.98 प्रतिशत की वृद्धि है। यह औद्योगिक विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने कहा कि इस साल के आयोजन में 2,500 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,000 थी। इस आयोजन में 70 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने भी हिस्सा लिया, जिससे राज्य के अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिली। खासतौर से वियतनाम जैसे देशों ने उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ किया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यावसायिक पूछताछ और लीड्स उत्पन्न हुई हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में केवल स्थापित उद्योग ही नहीं, बल्कि विभिन्न श्रेणियों के नए उद्योगों को भी शामिल किया गया है। इस बार रक्षा निर्माण, ई-कॉमर्स, चीनी मिलों और वन उत्पादों जैसे क्षेत्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक दायरे का विस्तार हुआ है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में मंडल स्तर पर भी इस तरह के ट्रेड शो आयोजित करने की योजना बनाई है। 5 मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, और आगरा में इन शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है।

इन आयोजनों के लिए प्रत्येक मंडल में एक एग्जीबिशन सेंटर की स्थापना पर काम किया जा रहा है, ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित उत्पादों को विदेशी खरीदारों ने काफी सराहा। जूट से बने थैलों को 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला, जबकि वाराणसी की प्रसिद्ध गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला। यह उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। वियतनाम पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में जुड़ा और वह टूरिज्म और टेक्सटाइल क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बुद्धिस्ट सर्किट के तहत वियतनाम का यूपी के पर्यटन क्षेत्र में बड़ा निवेश करने की योजना है।

संक्षिप्त खबरें

यूपीएसआरटीसी की निदेशक मंडल की 249 वीं बैठक संपन्न

लखनऊ। अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निदेशक मंडल की 249 वीं बैठक आज परिवहन निगम के सभागार कक्ष में संपन्न हुई। आज बोर्ड के समक्ष कुल 32 एजेंडा बिंदु रखे गए। बैठक में महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत भवन शाखा के सेवानिवृत सहायक अभियंता (भवन),अवर अभियंता (सिविल/ विद्युत) एवं सहायक वर्क सुपरवाइजर के सेवानिवृत्त कार्मिकों को संविदा/मानदेय पर 31 मार्च 2025 तक पुनः रखे जाने की सहमति प्राप्त हुई। जिससे कि महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन किया जा सके। इसके अलावा डिपो कार्यशाला साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग डिपो बनाने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई।निगम की बसों एवं अन्य गाड़ियों को दुर्घटना के पश्चात दुर्घटना स्थल से हटाने के लिए सभी क्षेत्रों के लिए 20 क्रेन क्रय किए जाने की सहमति प्राप्त हुई। 1000 करोड़ की लागत से कल 3108 बसों के क्रय किए जाने की सहमति प्राप्त हुई। क्रय की जाने वाले बसों में 100 हाई एंड लग्जरी,39 एसी स्लीपर, 51 नान एसी स्लीपर(सभी12 मीटर)197 एसी मिड सेगमेंट 72 एसी मिड सेगमेंट 2 3 एवं अन्य साधारण बसें परिवहन निगम क्रय करेगा। जिसमे से लखनऊ जनपद को कुल 10 बसें (एसी एवं साधारण)उपलब्ध कराई जाएंगी बोर्ड बैठक में संचालन के संबंध में समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए कि निगम के अधिकारी संचालन को बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 घंटे बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त इस वर्ष हुई सड़क दुर्घटनाओं में विगत वर्ष की तुलना में बढ़ोतरी को कम किए जाने हेतु चालकों की ट्रेनिंग व्यवस्था और स्वास्थ्य चेकअप पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए।बैठक में अनुशासनिक प्रकरणों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई।साथ ही प्रवर्तन दल द्वारा किए गए निरीक्षण प्रतिफलों की भी समीक्षा की गई। बैठक में सेवानिवृत्त नियमित चालक/ संविदा पर आबद्ध चालकों को 62 वर्ष की आयु तक प्रयुक्त किए जाने के संबंध में सहमति प्राप्त हुई।

गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाएगी योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश भर में गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। सीएम योगी ने इसके लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अभियान की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान लापरवाही बदार्शत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंश को हरा चारा, भूसा और पौष्टिक पशुआहार उपलब्ध कराने के लिए फैसला लिया है। इसी क्रम में प्रदेश के 12 जिलों में 27 हजार से अधिक गोचर भूमि को शत प्रतिशत कब्जामुक्त किया जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को गोचर भूमि को अवैध कब्जाधरियों से मुक्त कराने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नोडल अधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है ताकि अभियान की प्रॉपर मानीटरिंग हो सके। वहीं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन अभियान की रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी। सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में गोचर भूमि की सूची तैयार की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कितनी गोचर भूमि पर कब्जा है। इसी के अनुसार जिलावार अभियान को चलाया जाएगा। बता दें कि समय-समय पर गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में एक बार फिर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें। गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो। बता दें कि प्रदेश भर में राजस्व अभिलेखों के अनुसार 65,177 हेक्टेयर गोचर भूमि है। इनमें हरदोई में 4,599 हेक्टेयर, कानपुर नगर में 3,678 हेक्टेयर, रायबरेली में 3349 हेक्टेयर, लखनऊ में 3,077 हेक्टेयर, फतेहपुर में 2805 हेक्टेयर और अमेठी में 2,005 हेक्टेयर गोचर भूमि है। वहीं अब तक 27,688.75 हेक्टेयर गोचर भूमि कब्जामुक्त करायी जा चुकी है, जिसका प्रतिशत कुल गोचर भूमि का 42.48 प्रतिशत है।

द सोल -अनहत का गांधी और शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। स्वयंसेवी संस्था द सोल-अनहत द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को गांधी जयन्ती के शुभ अवसर पर संतों तथा महापुरूषों को उनके वचनों तथा भजनों द्वारा नमन किया गया। कार्यक्रम में द सोल अनहत बैण्ड द्वारा भजनों व गीतों के माध्यम से प्रस्तुति की गयी। विश्वनाथन-गायक व हारमोनियम वादक, निधि शर्मा, सहज श्रीवास्तव तबला, आदित्य-गिटार पर संगत की गयी। बैण्ड द्वारा भविष्य में भी सामाजिक कार्यक्रमों में जागरूकता तथा प्रस्तुति हेतु अपनी सहर्ष स्वीकृति दी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बृज लाल, मनोनीत सांसद राज्यसभा, पूर्व डी0जी0पी0 थे । उनके द्वारा अपना बहुमूल्य समय देते हुए द सोल अनहत संस्था द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की गयी। अपनी बात करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विलुप्त हो रहे वृक्षों को स्वयं

लगाते हैं उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के साथ ही रोपित पौधों को सहेजना भी होगा। उन्होंने कहा कि गांधीजी के मूल्य सिद्धांतों सर्व धर्म समभाव, सहिष्णुता, अहिंसा तथा कर्म ही पूजा के सिद्धांतों पर चलने की वह पूरी कोशिश करते हैं तथा लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे कुशल व्यक्तित्व, राजनीतिज्ञ बनने के लिए प्रतिदिन प्रयत्नरत हैं। सभागार में आये हुए सभी श्रोताओं द्वारा गांधीजी, लाल बहादुर शास्त्री जी तथा महापुरूषों व संतों को नमन किया गया। सरोज कुमार द्वारा आये हुए सभी अतिथियों को शुभकामनायें दी गयी। सरोज कुमार विभिन्न पदों पर आसीन रही हैं तथा कबीरपंथी सेवा विद्यापीठ, वसुंधरा फाउण्डेशन तथा राष्ट्रीय महिला दल जैसी संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। सहजयोग ध्यान केन्द्र लखनऊ के कोआर्डीनेटर एस0के0 वर्मा व उनकी धर्मपत्नी द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया तथा संस्था द्वारा किये गये कार्यों के लिए बधाई दी गयी। संस्था द सोल अनहत के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव द्वारा अभी तक किये गये कार्यों में और अधिक तेजी लाने व आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बतायी गयी। संजीव कुमार राय उपाध्यक्ष द्वारा आगे भी संस्था के कार्यों में पूर्ण सहयोग हेतु आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में श्री गुरूनानक देव जी, मीराबाई जी, तुलसीदास जी, कबीरदास जी, नामदेव जी, तुकाराम जी, रसखान जी, अटल बिहारी , स्वर कोकिला लता मंगेशकर आदि के भजन गाकर स्मरण व वंदन किया गया। इस अवसर पर रामधुन-रघुपति राघव राजाराम गाया गया। कार्यक्रम का संचालन सगलगुण कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में द सोल अनहत के अन्य पदाधिकारी रनजीत कौर, अमित कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

मौसमगंज मे यज्ञ विध्वंस, मुनि विश्वामित्र आगमन लीला का हुआ मंचन

लखनऊ। डालीगंज की मौसमगंज रामलीला के दूसरे दिन यज्ञ विध्वंस मुनि विश्वामित्र आगमन, ताडुका वध, मारीच सुबाहु वध की लीला शिवकुमार वर्मा के निर्देशन मे मंचित हुई।लीला मे विश्वामित्र - राजेश त्रिपाठी, राम - अभिषेक त्रिपाठी, लक्ष्मण - तुषार शर्मा, दशरथ - शिव कुमार वर्मा, ताडुका - आशीष प्रकाश भैय्यू, मारीच -वंश निगम, सुबाहु -दिव्यांश मौर्य ने सुंदर अभिनय किया। लीला मे कुछ संवाद लोगों को भा गया। विश्वामित्र जब राम से कहते हैं कि राम यही ताड़क वन में राक्षसी ताडुका निवास करती है जो आतंक मचाये हुए हैं जिसको मारना आवश्यक है तब श्री राम कहते हैं कि गुरुवर - एक तो प्रथम ही परीक्षा का दिवस आज, भानु वंशियों का रक्त अयश न लूटेगा। शूर वीर ताई एक ओर जा छिपेगी और, धर्म बाहुबल का भी प्रसिद्ध पात्र फूटेगा। बिन्दु कवि चाहे मुझे कायर पुकारे लोग, किन्तु नीति पथ का विचार नहीं टूटेगा।

एस आर एम यू में उल्लास 2024 का हुआ आगाज

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ, दिनांक 03/10/2024 को श्री रामस्वरुप मेमोरियल विश्वविद्यालय बाराबंकी में उल्लास 2024 (वार्षिक खेल उत्सव समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निशा दहिया (इंडियन रेसलर) ने खेल वार्षिकोत्सव उल्लास 2024 की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ की।

हर वर्ष की तरह आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में अनेक खेलों (कबड्डी, खो-खो, बास्केट बॉल, बैडमिंटन, बॉलीबॉल आदि) को समाहित किया गया है। रामस्वरूप विश्वविद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। अकादमिक एक्सलेंस के साथ-साथ शारीरिक विकास भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए चांसलर ई. पंकज अग्रवाल ने कहा- कि यदि अगला जन्म मेरी ईच्छा से पूछ कर दिया गया तो मैं बिना सोचे एक खिलाड़ी के रूप में लेना चाहूंगा। प्रो चांसलर ई. पूजा अग्रवाल ने, कुश्ती के अखाड़ों के इतिहास के बारे में मंच से जानकारी साझा की।

अखाड़ों की उत्पत्ति से लेकर क्रियान्वन तक के बारे में चर्चा की। मुख्य अतिथि दहिया ने अपने करियर के शुरुआती दिनों के बारे में बताते हुए दहिया ने कहा कि उनकी प्राथमिक ट्रेनिंग लखनऊ में हुई, माता-पिता के त्याग और समर्पण से ही उन्होंनें यहाँ तक का सफर तय किया है। उन्होंने ने बताया की हर माँ-बाप को अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए उनका सहयोग करना चाहिए अपने अनुभव को साझा करते हुए ओलम्पिक तक पहुंचने के सफर को छात्रों से साझा किया और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के, डॉ. विकास मिश्रा (वाइस चांसलर), डीन स्टूडेंट वेलफ़ेयर प्रोफ़ेसर (डॉ.) बी. एम. दीक्षित, ड़ॉ. नीरजा जिंदल, (कुल सचिव), प्रोफ़ेसर (डॉ.) निधि शुक्ला (स्पोर्ट कोऑर्डिनेटर), अभय सिंह (उप-कुलसचिव), डॉ. वीना सिंह, उपनिदेशक (एक्सटेन्शन सर्विसेज), डॉ. आकांक्षा निगम (कंट्रोलर ऑफ़ एग्जामिनेशन) व अन्य शिक्षकगण तथा छात्र उपस्थित रहे।

योगी सरकार में सीबीजी प्लांट से अन्नदाता के साथ अब ऊर्जादाता भी बन रहे किसान

खरी कसौटी ब्यूरो

लखनऊ। पराली से अक्टूबर-नवम्बर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने वाले प्रदूषण की खबर सुर्खियों में रहती है। इसके उलट योगी सरकार के प्रयास से पराली अब ऊर्ज़ा और उर्वरक का सोर्स बनकर ''आम के आम और गुठलियों के भी दाम'' की कहावत को चरितार्थ कर रही है। फसल काटने के बाद किसानों और पर्यावरण के लिए समस्या मानी जाती रही पराली अब यूपी में वेस्ट से वेल्थ बनकर किसानों की आमदनी, ऊर्ज़ा और बेहतरीन कंपोस्ट खाद के रूप में आमदनी और उत्पादन बढ़ाने का जरिया बनने लगी। यह संभव हो रहा है सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट से।

सीबीजी प्लांट के लिए पराली की आपूर्ति कर किसान अन्नदाता के साथ ऊर्ज़ादाता भी बन रहे हैं। सीबीजी प्लांट में पराली से ईंधन तैयार हो रहा है और ईंधन बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किसानों से उनकी पराली खरीदी जा रही है। पिछले साल तक उत्तर प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट क्रियाशील थे। वर्तमान में सीबीजी के उत्पादन में यूपी देश में नंबर वन है। सीबीजी की 24 इकाइयों में उत्पादन हो रहा है। 93 इकाइयां निर्माणाधीन हैं। आने वाले समय में प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। मार्च 2024 में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी इसकी घोषणा भी कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यंत्रीकरण के बढ़ते चलन और श्रमिकों की अनुपलब्धता और श्रम के मंहगा होने की वजह से अब फसलों की कटाई कंबाइन से ही होती है। खरीफ और रबी की प्रमुख फसल धान और गेहूं की कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए इन फसलों के अवशेष जलाने की प्रथा रही है। इसके कारण खासकर धान की कटाई के बाद अक्टूबर-नवम्बर में रबी की मुख्य फसल गेहूं की समय से बोआई के लिए पराली जलाने से मौसम में नमी के कारण पर्यावरण की समस्या कुछ इलाकों में गंभीर हो जाती है। उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्ज़ा नीति 2022 के अनुसार कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन के प्रावधान किए गए हैं।

सरस्वती रूप में शक्ति ब्रह्मा को सौंपी और कहा अब आप निर्माण करेंगे, लक्ष्मी रूप में विष्णु को सौंपी और कहा अब आप पालन करेंगे और दुर्गा रूप में शिव जी को सौंपकर कहा कि आप संहार करेंगे। शक्ति हमें समझाती है कि इन नौ दिनों में सीखो, यानी व्यापक करो। इन नौ दिनों में ब्रह्मांड में जो शक्ति है, जिसको कॉस्मिक एनर्जी कहते हैं, वो हमारे लिए सुलभ उपलब्ध है। भरपूर उपयोग करिए। जो शक्ति को समझ ले वो शक्तिमान है।

सम्पादकीय

तेज होता घमासान भारत को नुकसान

केसी विश्नोई (समूह सम्पादक)

ईरान इजराइल के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं दूसरी ग्लोबल ट्रेड के मोर्चे पर भारत को नुकसान हो रहा है। एक्सपोटर्स का कहना है कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पहले से ही लॉजिस्टिक्स कॉस्ट काफी हाई हो चुके हैं। अब इसके और तीखे होने से कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और एग्रीकल्चर सेक्टर्स में बिजनेस को नुकसान पहुंच सकता है। युद्ध में सीधे तौर पर शामिल देशों को निर्यात के लिए इंश्योरेंस कॉस्ट भी बढ़ सकती है, जिसका भारतीय एक्सपोटर्स की कार्यशील पूंजी पर असर पड़ेगा। संघर्ष पहले से ही इजरायल, जॉर्डन और लेबनान जैसे देशों के साथ भारत के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है। निर्यातकों के प्रमुख संगठन फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन ने कहा कि ईरान-इजरायल संघर्ष में कई तरीकों से वर्ल्ड ट्रेड और ग्लोबल इकोनॉमी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता है। फियो के ने कहा कि ईरान तेल बाजार में एक प्रमुख कारोबारी है। संघर्ष में कोई भी वृद्धि तेल की सप्लाई को बाधित कर सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर ग्लोबल इकोनॉमी पर पड़ेगा, खासकर उनपर जो तेल आयात पर निर्भर हैं। तेल की कीमतें पहले ही चार डॉलर प्रति बैरल बढ़ चुकी हैं। तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में अस्थिरता आ सकती है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे व्यापार मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, जिसके माध्यम से दुनिया के कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है। व्यवधानों के कारण शिपिंग कॉस्ट और देरी बढ़ सकती है। कई ग्लोबल सप्लाई चेन पश्चिम एशिया की स्थिरता पर निर्भर करती हैं। यह संघर्ष परिवहन और लॉजिस्टिक्स को बाधित कर सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कृषि तक के उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा, अगर पश्चिमी दुनिया प्रतिबंध या व्यापार प्रतिबंध लगाती है, तो यह वैश्विक व्यापार को और जटिल बना देगा। अक्टूबर, 2023 में शुरू हुआ इज़राइल-हमास संघर्ष अब लेबनान, सीरिया तक फैल गया है और अप्रत्यक्ष रूप से जॉर्डन और ईरान को प्रभावित कर रहा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत का इज़राइल को निर्यात 63.9 करोड़ डॉलर का रहा। वर्ष 2023-24 में यह 4.52 अरब डॉलर का था। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान ईरान को भारत का निर्यात 53 करोड़ 85.7 लाख डॉलर का था। वर्ष 2023-24 में यह 1.22 अरब डॉलर का हुआ था। इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान ईरान से आयात 14 करोड़ 6.9 लाख डॉलर का था।

भारत में आतंक को महिमामंडित करतीं शक्तियां

डा. मयंक चतुर्वेदी

अपने निर्माण काल से लेकर अब तक ये संगठन इजरायल, अमेरिका समेत अपने दुश्मन देशों के खिलाफ कई अटैक कर चुका है, इसलिए ये एक आतंकवादी संगठन के रूप में अपनी पहचान रखता है । जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं पर अत्याचार हुए और अभी भी यदा-कदा घटनाएं घट जाती हैं, किंतु इन नेताओं का मुंह उनके समर्थन में नहीं खुलता! यहां जो बच्चों के मुख से कहलवाया जा रहा है कि ''अब हर घर से हिज्बुल्लाह निकलेगा।'' आखिर इसके मायने क्या हैं? आज हसन नसरल्लाह की मौत पर जो यह कह रहे हैं कि उनके खून से हज़ारों नसरल्लाह पैदा होंगे और इस मिशन को आगे बढ़ाएँगे और सफलता हासिल करेंगे। तो यहां सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि वह मिशन कौन सा होगा, क्या भारत में इस प्रकार के किसी भी आतंकवादी मिशन को स्वीकृति दी जा सकती है या यह भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में बोला जाना क?या किसी अपराध से कम है? वास्तव में आतंकियों से हमदर्दी रखनेवालों के समर्थन में दिए गए इन सभी वक्तव्यों से यही साबित हो रहा है कि जो लोग भी आज हिज्बुल्लाह प्रमुख की मौत का मातम मना रहे हैं, वे सभी आतंकवाद और हिंसा के साथ खड़े हैं। कम से कम भारत की धरती पर इस तरह की सोच एवं राजनीति बंद होनी चाहिए। इसी में भारत का हित है। लखनऊ जैसी तहजीब वाले शहर में भी हिजबुल्लाह के हजारों की तादाद में समर्थक सामने आने के बाद अब योगी सरकार को इन आतंकी समर्थकों पर कड़ी निगाह रखने की जरूरत है क्योंकि यह खाते देश का है और गुण गाते हैं विदेशी आतंकियों का।

आतंकवाद एक प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि है। अगर कोई व्यक्ति या कोई संगठन अपने आर्थिक, राजनीतिक एवं विचारात्मक लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए देश या देश के नागरिकों की सुरक्षा को निशाना बनाए, तो उसे आतंकवाद कहते हैं। गैर-राज्यकारकों द्वारा किये गए राजनीतिक एवं वैचारिक हिंसा भी आतंकवाद की ही श्रेणी में आती है। अब आप इन दोनों ही परिभाषाओं के आधार पर 'हिज्बुल्लाह' को रखिए; यह सर्वविदित है कि यूरोपीय संघ ने 22 जुलाई 2013 को हिजबुल्लाह के सैन्य विंग को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया था। 'हिज्बुल्लाह' को संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में चिन्हित किया गया है। लेबनान पर इजरायली आक्रमण के जवाब में 1982 में गठित हिज्बुल्लाह स्वयं को (अल्लाह की पार्टी) कहता है। हिज्बुल्लाह की अर्धसैनिक शाखा जिहाद परिषद है। यह समूह इजरायल के खिलाफ संघर्ष में फिलिस्तीनी अस्वीकृति समूहों का भी समर्थन करता है और इराक में पश्चिमी हितों पर हमला करने वाले इराकी शिया उग्रवादियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है।

अपने निर्माण काल से लेकर अब तक ये संगठन इजरायल, अमेरिका समेत अपने दुश्मन देशों के खिलाफ कई अटैक कर चुका है, इसलिए ये एक आतंकवादी संगठन के रूप में अपनी पहचान रखता है । अभी तक न जाने कितने निर्दोष लोगों को ये आतंकी संगठन मौत के घाट उतार चुका है। दरअसल, ये है 'हिज्बुल्लाह' का वह परिचय जोकि सबसे पहले सभी को जानना आवश्यक है। अब इस आतंकवादी संगठन 'हिज्बुल्लाह' के चीफ 'हसन नसरल्लाह' को इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर एयर स्ट्राइक कर मार गिराया। स्वभावित तौर पर अब यही माना जाना चाहिए था कि चलो, अनेक लोगों के जीवन में शांति आएगी, जिन लोगों को 'हसन नसरल्लाह' के कहने पर मौत के घाट उतारा गया था, उनके परिवार जन को भी यह सांत्वना मिलेगी कि आखिरकार एक आतंकी, उनके दुश्मन का अंत हुआ, लेकिन यह क्या देखने में आ रहा है? जिनके हित 'हसन नसरल्लाह' के साथ जुड़े थे, उनका दुखी होना तो समझ आता है, पर भारत में हसन नसरल्लाह की मौत के बाद यूपी के लखनऊ समेत देश में कई संगठनों, राजनीतिक पार्टियों एवं अन्य लोगों का दुखी होना और विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरना समझ नहीं आ रहा है! यदि इतने ही ये मानवाधिकार के संरक्षक हैं तब फिर ये बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत?याचारों पर चुप क्यों रहे? जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों पर लोग प्रदर्शन करते दिखे । वे हाथों में नसरल्लाह के पोस्टर लिए हुए थे । ऐसा ही एक प्रदर्शन श्रीनगर के पुराने शहर

में देखने को मिला, इसी प्रकार से राज्य के अन्य इलाकों में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों का दुखद पक्ष यह है कि भारत के नाबालिगों को भी बरगलाया जा रहा है, उनके दिमाग में मजहबी, जिहादी जहर भरा जा रहा है, इसलिए प्रदर्शन कर रहे ये छात्र कहते पाए गए कि अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा। आज जमात-ए-इस्लामी हिंद (जेआईएच) के अध्यक्ष सैयद सदातुल्लाह हुसैनी भी इस आतंकवादी के मारे जाने पर दुख जता रहे हैं और कह रहे हैं, हम लेबनान के शहर बेरूत पर अंधाधुंध और बर्बर हवाई हमलों के लिए इजरायल की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें हिज्बुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह सहित 40 से अधिक लोग मारे गए। सैयद सदातुल्लाह आतंकवादी संगठन 'हिज्बुल्लाह' प्रमुख के मारे जाने पर पूरी दुनिया को जिनेवा कन्वेंशन की याद दिला रहे हैं और कह रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र मिडिल ईस्ट में इस आगजनी को रोकें। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने साफ कहा कि अपना राजनीतिक अभियान रद्द वे इसलिए कर रही हैं, क्योंकि हिज्बुल्लाह ने पुष्टि की है कि इजरायल ने उसके प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार दिया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि वह 'लेबनानी और फिलिस्तीनी नागरिकों के साथ एकजुटता' में खड़ी हैं। लेबनान में इजरायली हमले में मारे गए नसरल्लाह के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में लोगों ने रैली भी निकाली। जिसमें बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल हुईं। इसी तरह से श्रीनगर से सांसद और जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता रुहुल्ला मेंहदी ने हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत पर शोक जताते हुए चुनाव प्रचार रोक दिया। उन्होंने हसन नसरल्लाह की मौत को बड़ा नुकसान बताया है। दूसरी तरफ जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी सहित अन्य देशों के नेताओं से इजरायल पर दबाव बनाकर, वहां फिर से शांति स्थापित करने की मांग की है। हसन नसरल्लाह की मौत पर वे भी सबसे अधिक दुखी हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएसपीएलबी) के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने नसरल्लाह की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे मुस्लिम दुनिया के लिए एक बड़ी क्षति बताया । वे यही नहीं रुकते, इसके आगे ये मौलाना यासूब अब्बास भारत में सभी शिया समुदाय से अपील करते हुए पाए गए कि वे तीन दिन का शोक मनाने के लिए अपने घरों की छतों पर काले झंडे फहराएं। जेके अंजुमन-ए-शरी के अध्यक्ष शियान आगा सैयद हसन मोसावी अल सफवी ने कहा, ''हम उनकी (हसन नसरल्लाह) मौत पर चाहे जितना भी शोक मनाएँ, यह हमेशा कम ही रहेगा।...मैं...इस्लामी लोगों से कहना चाहता हूँ कि इससे कुछ असाधारण होगा जिसके लिए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। उनके नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती, लेकिन उनके खून से हज़ारों नसरल्लाह पैदा होंगे और इस मिशन को आगे बढ़ाएँगे और सफलता हासिल करेंगे। आप देखेंगे कि इन सभी के दुख समान हैं, एक आतंकवादी के मरने पर भारत में ये सभी नेता, संगठन प्रमुख अपना दुख व्यक्त कर रहे हैं। यहां प्रश्न बार-बार यही खड़ा हो रहा है कि एक आतंकी सरगना के मारे जाने पर इतना दुख क्यों ? इन दुखी होते नेताओं को भारत का जवान सीमा की रक्षा करते हुए हुतात्मा होने पर याद क्यों नहीं आता है? वास्तव में ये वो लोग हैं, जोकि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू होने का आज भी विरोध कर रहे हैं, जबकि अब तो जम्मू-कश्मीर की जनता भी खुलकर स्वीकार कर रही है कि 370 के खात्में के बाद से उनके राज्य के विकास को पंख लग गए हैं।

श्यामजी कृष्ण वर्मा ने ही विदेशों में जगाई क्रांति की अलख

गौरव अवस्थी

2 अक्टूबर को गांधी जयंती तो सब मनाते हैं लेकिन 4 अक्टूबर की तारीख किसी को याद नहीं रहती। महात्मा गांधी ने जहां जन्म लिया उसी गुजरात के कच्छ क्षेत्र के मांडवी नगर के पास वलायल गांव में एक कुशाग्र बुद्धि बालक का जन्म हुआ, जो कम उम्र में ही संस्कृत में धारा प्रवाह भाषण देता था। इससे प्रभावित होकर एक अंग्रेज संस्कृत अध्यापक उसे इंग्लैंड बुला लेता है। यही बालक दुनिया के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से स्नातक और बैरिस्टरी पास करने वाला प्रथम भारतीय बनता है। अपने एक लेख 'भारत में लेखन का उद्गम' के आधार पर ही रॉयल एशियाटिक सोसाइटी का सदस्य भी चुना जाता है। यह तो उस बालक की प्रतिभा का एक रूप है। उनका दूसरा रूप भारत की स्वाधीनता को लेकर विदेश खासकर उसी इंग्लैंड में क्रांति की ज्वाला धधकाने से जुड़ा है, जिसने उनके अपने देश को दशकों से गुलाम बना रखा था। इस क्रांतिदूत का नाम है श्यामजी कृष्ण वर्मा। अंग्रेजों के अत्याचार से दुखी होकर ही भारत छोड़ कर इंग्लैंड जाने वाले श्यामजी कृष्ण वर्मा ने भारतीय छात्रों की आवासीय व्यवस्था के लिए उस इंडिया हाउस की स्थापना की जो आज 'क्रांति तीर्थ' के नाम से जाना जाता है। इसी इंडिया हाउस में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी तारीख 10 मई को हर साल 'गदर दिवस' मनाया जाता था। यहां बम बनाने और पिस्तौल चलाने पर व्याख्यान होते थे। वीर सावरकर ने यही 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास लिखा। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के वह अकेले क्रांतिकारी हैं, जिनकी इंग्लैंड के इंडिया हाउस के बाहर अपनी धर्मपत्नी के साथ आदमकद मूर्ति स्थापित है। पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी क्रांति धर्मी दंपति की प्रतिमाओं के समक्ष माथा टेकने पहुंचे थे 4 अक्टूबर 1857 को श्याम जी कृष्ण वर्मा एक साधारण परिवार में जन्मे थे लेकिन प्रतिभा का ही प्रभाव था कि उनका विवाह मुंबई के एक करोड़पति सेठ की कन्या भानुमति से हुआ। कई भाषाओं के प्रकांड विद्वान श्यामजी कृष्ण वर्मा 1884 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से बैरिस्टरी पास करने के बाद भारत लौट आए। यहां कई रियासतों में उन्हें अपने-अपने यहां दीवान या अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त करने की होड़ मची रही लेकिन प्रतिभाशाली वर्मा का रियासतों में काम करने में मन नहीं लगा और वह मुंबई में बैरिस्टरी करने लगे। पुणे में अंग्रेज पुलिस कमिश्नर रेंड की हत्या करने के अपराध में चाफ़ेकर बंधुओं को फांसी की सजा दिए जाने से क्षुब्ध श्यामजी कृष्ण वर्मा ब्रिटेन में भारत की स्वाधीनता संग्राम को लेकर सक्रिय हुए। 12 मई 1897 को बालकृष्ण चाफ़ेकर की फांसी के अगले महीने पुणे में एक बड़ा बम विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के पीछे श्यामजी कृष्ण वर्मा का ही हाथ था, जो दुश्मन के घर में बैठकर क्रांति की योजनाओं का संचालन कर रहे थे। भारतीयों में क्रांति की अलग जागने के लिए ही श्यामजी कृष्ण वर्मा ने 1904 में अपनी तरफ से दो ?2000-2000 की 6 फ़ेलोशिप भारतीय छात्रों को देने की घोषणा की।

कमलेश पाण्डेय
कॉलम

ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव

दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है।

समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा। यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इज़राइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी।

इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है। सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है। आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है। यही नहीं, जब दुनिया में महंगाई बम फूटेगा, तो उस स्थिति को भारत कैसे संभालेगा। वैसे तो ईरान और इजरायल दोनों भारत के करीब हैं, लेकिन इजरायल और भारत का उद्देश्य एक है- आतंकवाद का समूल सफाया। शायद यह होने का असली वक्त भी अब आ रहा है। भारत की रणनीति साफ होनी चाहिए कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद को खत्म किया जाए। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान आदि द्वारा प्रोत्साहित आतंकवाद जितनी जल्दी कुचला जाएगा, दुनिया उतनी जल्दी ही चैन की सांस ले सकेगी।

इजराइल पर ईरान के बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने मंगलवार रात को अपने नागरिकों को सावधानी बरतने और देश के भीतर अनावश्यक यात्रा से बचने की चेतावनी दी। भारतीय मिशन ने कहा कि मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच वह स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए है। यह चेतावनी पिछले महीने लेबनान में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए जारी की गई ऐसी ही एडवाइजरी के बाद आई है। ईरानी हमले से इजरायल पूरी तरह से भड़क उठा है। उसने अब आसमान को धुआं-धुआं करने की कसम खा ली है। इस बीच इजरायल ने कहा है कि इजरायली वायुसेना मिडिल ईस्ट में आज रात यानी बुधवार को जोरदार तरीके से हमला करेगी। माना जा रहा है कि ईरानी अटैक के जवाब में इजरायल का यह हमला होगा। ईरान के मिसाइल अटैक के बाद नेतन्याहू ने रिवेंज प्लान बताया और कहा कि वह ईरान को सबक सिखा कर रहेंगे। इजरायल पर हमले के बाद ईरान में जश्न का माहौल है। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर देश के अरक, कौम और तेहरान में लोगों को इजराइल पर मिसाइल दागे जाने का जश्न मनाते हुए भी दिखाया गया। जश्न मनाते लोगों में से कुछ चिल्ला रहे थे, 'अल्लाह हो अकबर, अमेरिका का नाश हो, इजराइल का नाश हो.'

अमृतकाल में भुखमरी

सर्वमित्रा सुरजन

अगर तस्वीरें बोल सकतीं, मूर्तियां हिलने-डुलने में सक्षम होतीं, तो महात्मा गांधी अपने जन्मदिन पर हाथ जोड़कर नरेन्द्र मोदी समेत संघ की मानसिकता में पोषित तमाम नेताओं से विनती करते कि वे बेशक नाथूराम गोडसे की जय जयकार कर लें (जिसने उन पर तीन गोलियां दागीं), लेकिन उनके (गांधी के) आगे दिखावे के लिए हाथ न जोड़ें। क्योंकि गांधी की मूर्ति पर माला चढ़ाने या उन्हें प्रणाम करने का तब तक कोई अर्थ नहीं है, जब तक उनके आदर्शों पर चलने की नीयत न हो। गांधीजी ने ऐसे आजाद भारत की कल्पना की थी, जिसमें आखिरी कतार के आखिरी व्यक्ति की आंख से आंसू पोंछे जाएं। यानी जो समाज में सबसे गरीब, पीड़ित और शोषित लोग हैं, उनकी पीड़ा को दूर करने का काम सरकार करे, तभी आजादी का मतलब है। लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार में गरीबों की पीड़ा बढ़ती ही जा रही है और अब भूख से मौत जैसी भयावह हकीकत समाज देख रहा है। चेन्नई में बंगाल से गए एक मजदूर की मौत हो गई, क्योंकि उसके पास खाने के लिए एक दाना नहीं था और छह दिनों से वो भूख से तड़प रहा था। अंग्रेजी अखबार द हिंदू की खबर है कि प.बंगाल से 12 किसान मजदूर 3 सौ रुपए रोजी के वादे पर तमिलनाडु लाए गए थे।

अच्छे काम और पैसे के झांसे में आकर ये मजदूर जब चेन्नई पहुंचे, तो यहां इन्हें न काम मिला, न पैसे और न लौटने का कोई साधन इनके पास बचा था। रेलवे स्टेशन पर ये मजदूर पिछले एक हफ्ते से बैठे हुए थे और भूख से तड़प रहे थे। जिसमें से एक ने आखिरकार दम तोड़ दिया और एक की हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। भुखमरी से इस मौत के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब बाकी मजदूरों को बचाया गया है। मृतक की पहचान समर खान के रूप में की गई है। इस नाम के बाद अब भुखमरी से मौत के इस संगीन मामले को किस हद तक तोड़ा-मरोड़ा जा सकता है, इसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। क्योंकि भाजपा के दस सालों के शासनकाल में अकल्पनीय चीजें भी सच होने लगी हैं। आंखों की शरम का जो वाक्यांश हुआ करता था, वह अब लगभग गायब है। इसलिए अरबपतियों की शादी में हाथी के लिए बनी खिचड़ी को खाकर पत्रकार धन्य होते हैं। प्राइम टाइम में हिंदू-मुसलमान पर तीखीं झड़पें करवाते हैं। किसी के घर के फ्रिज में रखे मांस के नाम पर उसे मौत के घाट उतार दिया जाता है। सरकारें प्रसाद में बने लड्डू को प्राथमिकता की सूची में सबसे पहले रखती हैं। तिरुपति में बने लड्डू शुद्ध घी के थे या उनमें जानवर की चर्बी मिली थी, इस पर 11 दिन का प्रायश्चित करने की विलासिता सरकार में बैठे लोगों के पास हो सकती है, लेकिन भूख से मरते आदमी के लिए शुद्धता या मिलावट से बड़ा सवाल उस रोटी का है, जो उसके हिस्से की थी, उसे पूरे हक और सम्मान से मिलनी चाहिए थी, लेकिन फिर भी उसे नहीं मिली। राहुल गांधी ने हरियाणा में विजय संकल्प रैली में एक महत्वपूर्ण बात कही कि सम्मान जरूरी है, लेकिन गरीब की जेब में अगर पैसे नहीं हैं, तो फिर सम्मान का क्या मतलब। राहुल गांधी को सत्ता का मोह नहीं है, वो किसी पद के आकांक्षी नहीं हैं, इसलिए जब वो गरीबों के हितों की बात करते हैं, तो उसमें बनावटीपन नहीं दिखता, सच्चाई नजर आती है। राहुल गांधी ने ऊंचे मंचों पर चढ़कर अमृतकाल, विकसित भारत, पचास साल बाद के भारत का प्रवचन नहीं किया, बल्कि देश के चारों दिशाओं की यात्रा की है, हजारों किमी पैदल घूमे हैं, लोगों के बिल्कुल बीच में जाकर उनसे बात की है। इसलिए वो जानते हैं कि इस देश के लोगों के दुख-दर्द क्या हैं। इस दर्द का इलाज भी वो बता रहे हैं कि दो-तीन लोगों के हाथों में देश की पूरी संपत्ति देने की जगह इस पर सबकी बराबरी की हिस्सेदारी होनी चाहिए।

शारदीय नवरात्र में दुर्गा सप्तशती पाठ से कई गुना फल

ज्योतिषाचार्य पं.अविनाश मिश्र शास्त्री (चित्रकूटधाम)

'यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम् परमेश्वर्यमतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान।। पुराणों में देवी मां के कई प्रकार के मंत्र मिलते हैं जिससे व्यक्ति अपनी समस्याओं से बाहर आ सकता है। यदि अवरोधों का शमन न हो तथा परिस्थितियां विकराल हो जाएं तो परिस्थिति के अनुरूप मंत्र का चुनाव कर, या दुर्गा पाठ संख्या उनका जप कर समस्याओं से निजात पाई जा सकती है। शतचंडी पाठ महायज्ञ से लाभ- यह पाठ मनुष्य के जीवन में विशेष परिस्थिति में जैसे शत्रु पर विजय, मनोवांछित नौकरी की प्राप्ति, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार में वृद्धि, परिवार में कलह क्लेश से मुक्ति एवं विभिन्न प्रकार की परेशानियों से मुक्ति आदि पाने के लिए कराया जाता है।

श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ को 108 बार करने को शतचंडी पाठ महायज्ञ कहा जाता है, पाठ को 1000 बार करने को सहस्त्रचंडी महायज्ञ कहा जाता है और पाठ को एक लाख बार करने पर लक्ष्यचंडी महायज्ञ कहा जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि यज्ञों में अश्वमेध यज्ञ व देवताओं में भगवान विष्णु श्रेष्ठ हैं। इस प्रकार स्तुतियों में 'दुर्गा सप्तशती' सबसे अधिक व तत्काल फल देने वाली है । नवरात्रों में मां भगवती जगदम्बा एवं दुर्गासप्तशती की पूजा से कई गुणा फल अधिक मिलता है। परिवारिक संकट आने पर दुर्गा सप्तशती पाठ करायें या करें। यदि घर में कोई तकलीफ पा रहा हो तो पांच बार दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। यदि परिवार में कोई भय पैदा करने वाला संकट आया है तो दुर्गा सप्तशती का सात बार पाठ करें।

परिवार की सुख समृद्धि के लिये नौ बार पाठ करें। धनवान बनने के लिये रोजाना दुर्गा सप्तशती का ग्यारह बार पाठ करें। मनचाही वस्तु पाने के लिये बारह बार पाठ करें।घर में सुख शांति व श्री वृद्धि के लिये दुर्गा सप्तसती का पन्द्रह बार पाठ करें। पुत्र-पौत्र, धन-धान्य व प्रतिष्ठा के लिये सोलह बार पाठ करें। यदि परिवार में किसी पर राजदंड, शत्रु का संकट या मुकदमें में फंस गये हो तो दुर्गा सप्तसती अठारह बार पाठ करें। जेल से छुटकारा पाने के (अगर निर्दोष हैं) लिये पच्चीस बार पाठ का विधान है। शरीर में कोई घाव-फोड़ा आदि हो गया हो या आपरेशन कराने की नौबत आ गयी हो तो दुर्गा सप्तशती तीस बार पाठ कराने से फायदा होता है।

भयंकर संकट, असाध्य रोग, वंशनाश या धन नाश की नौबत आये तो सौ बार दुर्गा सप्तशती का पाठ करायें। सौ बार पाठ को ही शतचण्डी पाठ कहते हैं। दुर्गा सप्तशती का एक हजार पाठ कराने वाले यजमान को मुक्ति मिल जाती है। इसे ही सहस्त्रचण्डी पूजा कहते हैं। नवरात्र मे इसलिए चंडीपाठ (श्री दुर्गासप्तशती)का आयोजन करते है ताकि माता रानी की की कृपा से आपकी और आपके परिवार की मनोकामना पूर्ण हो सेहत धन सफलता प्राप्त हो अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु कष्ट निवारण हेतु अपने नाम गोत्र से पाठ करायें एवं दैहिक दैविक अधिभौतिक तापों से राहत प्राप्त करें।

ज्योतिष शास्त्र, वास्तुशास्त्र, वैदिक अनुष्ठान व समस्त धार्मिक कार्यो के लिए संपर्क करें: -श्री रामकृष्ण ज्योतिष केन्द्र श्रीरामकृष्णज्योतिष अनुष्ठान केन्द्र।

मैं स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक के.सी. विश्नोई द्वारा के.सी. प्रकाशन प्रा0 लि0 एस-20 यू.पी.एस.आई.डी.सी. औद्योगिक क्षेत्र सरोजनीनगर जिला लखनऊ से मुद्रित कराकर 9/5 डालीबाग कालोनी लखनऊ से प्रकाशित
सम

संक्षिप्त खबरें

सूर्यलता वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान संयोजक मनोनीत

गोरखपुर। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के संविधान में प्रदत्त अधिकार के अन्तर्गत अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष की सहमति से सूर्यलता श्रीवास्तव सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को तत्काल प्रभाव से गोरखपुर जनपद का संयोजक मनोनीत किया जाता है। सूर्यलता से अपेक्षा की गई है कि वह जनपद गोरखपुर की जनपद इकाई का शीघ्र गठन कर सूचित करेंगी। जनपद इकाई का गठन होने तक सूर्यलता को वे समस्त अधिकार प्राप्त होंगे जो एक निर्वाचित अध्यक्ष को होते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यह जानकारी संगठन के महामंत्री बीके तिवारी ने दी।

मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त का निरीक्षण प्रस्तावित

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर मऊ-शाहगंज खण्ड पर खोरासन रोड-शाहगंज स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण (विद्युतीकरण सहित) का कार्य पूर्ण हो चुका है। 04 एवं 05 अक्टूबर, 2024 को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल इस नव दोहरीकृत (विद्युतीकरण सहित) रेल खंड का निरीक्षण करेंगे एवं स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन की आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नव दोहरीकृत (विद्युतीकरण सहित) रेलपथ पर न जाये एव न ही अपने पशुओं को जाने दें।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजनः एआरटीओ व प्रभारी यातायात ने दी नियम जानकारी

सोनभद्र। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा आयोजित किया गया। यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चलेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी धनवीर यादव द्वारा प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्टेक होल्डर विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बस, ट्रक, ऑटो, ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों और आम जनता को सड़क सुरक्षा नियमों की प्रतिज्ञा दिलाई गई। उन नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गुरुवार को एआरटीओ धनवीर यादव और प्रभारी यातायात निरीक्षक अविनाश सिंह के नेतृत्व में रॉबर्ट्सगंज के धर्मशाला चौराहे पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी, और ई-रिक्शा चालकों और यूनियन पदाधिकारियों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग से बचने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। धनवीर यादव ने कहा कि जिस तरह से परिवहन विभाग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास कर रहा है। उसी तरह आम जनता को भी अपने और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदार होकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। इस पखवाड़ा के दौरान जागरूकता कार्यक्रम 16 अक्टूबर तक चलते रहेंगे।

दलितों पर हिंसा के खिलाफ आप पार्टी का प्रदर्शन

सोनभद। शक्तिनगर थाना क्षेत्र में 5 दिन पहले एक आदिवासी युवक के साथ हुई बर्बरता के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) ने गंभीर प्रतिक्रिया दी है। युवक को बेरहमी से पीटा गया और उसके ऊपर पेशाब करने का वीडियो भी वायरल किया गया। इस मामले को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रमेश गौतम के नेतृत्व में शक्तिनगर थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रमेश गौतम ने राज्यपाल से मांग की कि सोनभद्र और पूरे उत्तर प्रदेश में दलितों और पिछड़ों पर हो रहे हिंसा, अत्याचार और अमानवीय कृत्यों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जैसे चप्पलों पर थूककर चटवाने और कान में पेशाब करने की घटनाएं। गौतम ने यह भी कहा कि इसके लिए कोई एक जाति या वर्ग दोषी नहीं है, बल्कि कुछ राष्ट्र और समाज विरोधी ताकतें हैं, जिन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इसी कारण वे इस तरह के अमानवीय कृत्य करने से नहीं डरते।

कार्रवाईः मानक के विपरीत चल रहे चार अस्पताल और एक पैथॉलाजी केंद्र सील

सोनभद्र। जिले में बिना मानकों के चल रहे अवैध अस्पतालों और पैथॉलाजी केंद्रों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति आजाद बिंद के नेतृत्व में जांच के दौरान चार अस्पताल और एक पैथॉलाजी केंद्र को सील कर दिया गया। इन सभी केंद्रों का संचालन बिना पंजीयन और स्वास्थ्य मानकों के विपरीत हो रहा था। जांच टीम ने सबसे पहले घोरावल रोड पर स्थित मिश्रा चिकित्सालय की जांच की, जहां आवश्यक मानक पूरे नहीं मिले। इसके अलावा, रिंकू क्लिनिक, अनन्या पैथॉलाजी, और पन्नूगंज रोड स्थित श्रीराम पॉली क्लीनिक में भी मानक पूरे नहीं पाए गए। इन केंद्रों का पंजीयन भी नहीं कराया गया था, जिसके चलते इन्हें तत्काल सील कर संचालकों को नोटिस जारी की गई। जांच के दौरान टीम ने बंगाली दवाखाना पर भी छापा मारा।

बैडमिन्टन में भारतीय रेल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। भारतीय रेल के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी छटा बिखेर कर देश एवं भारतीय रेल को गौरवान्वित कर रहे हैं। इसी क्रम में, 01 से 05 अक्टूबर, 2024 तक पोलैंड में आयोजित 9वीं यू.एस.आई.सी. बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2024 के ग्रुप-ए के लीग मैचों में भारतीय रेल ने ग्रेट ब्रिटेन को 8-0, स्वीटजरलैंड को 8-0 से तथा चेक गणराज्य को 8-0 से एकतरफा मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबला भारतीय रेल एवं बुल्गारिया के मध्य खेला जायेगा। इस चैम्पियनशिप के पुरूष वर्ग में पुरूष एकल एवं युगल एवं महिला वर्ग में एकल, युगल तथा मिश्रित युगल का मैच खेले जा रहे है। इस चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के महासचिव एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह भारतीय रेल टीम के प्रबंधन प्रमुख है, जिनकी देखरेख में स्टार खिलाड़ियों से सुसज्जित भारतीय रेल के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे है। इस विश्व स्तरीय रेलवे बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारतीय रेल की बैडमिंटन टीम में मध्य रेलवे के चिराग सेन एवं वैदेही चैधरी, दक्षिण पूर्व रेलवे के सिद्धार्थ प्रताप सिंह एवं मिथुन मंजुनाथ, पश्चिम मध्य रेलवे की श्रीयांशी परदेसी तथा उत्तर रेलवे के अभिनव ठाकुर टीम में सम्मिलित है और टीम के कोच पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के सुरंजन भोबोरा एवं रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड से राम प्रजापति समन्वयक अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन स्वच्छता अभियान

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय रेल पर 01 से 15 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन 03 अक्टूबर, 2024 को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ जं., वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्वच्छ स्टेशन के अन्तर्गत गोरखपुर, छपरा, बनारस, गाजीपुर सिटी एवं काठगोदाम सहित विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक/लखनऊ अदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सफाई मित्रों द्वारा मशीनों, उपकरणों औजारों एवं सुरक्षात्मक गियर के उपलब्धता एवं डस्टबिन की पर्याप्त व्यवस्था, कचरे की पृथक्कीकरण, नालियों और शौचालयों की सफाई आदि के विषय पर जानकारी दी गई एवं स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान लखनऊ जं., गोरखपुर, गोंडा, खलीलाबाद, ऐशबाग, मैलानी स्टेशनों पर सफाई कराई गयी तथा पोस्टर बैनर के माध्यम से यात्रियों को कचरा कुड़ेदान में डालने हेतु जागरूक किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अन्तर्गत मंडल रेल

प्रबंधक/वाराणसी विनित कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजिनियर अभिषेक राय के निर्देशन में वाराणसी मंडल के सभी मुख्य स्टेशनों पर सामूहिक श्रमदान किया गया। जिसके अंतर्गत शौचालयों, बाथरूम, नालियों आदि पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया और स्टेशन परिसरों में सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। स्वच्छता रैली निकालकर यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में मेकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनों द्वारा स्टेशन परिसर की साफ सफाई के साथ प्रोटेक्टिव गियर्स के प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त पब्लिक और सर्विस बिल्डिंग के सभी प्रसाधन रूमों की

गहन सफाई कराई गई तथा हाइड्रेंट पाइपों के रख रखाव पर ध्यान दिया गया। स्टेशन परिसर में प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग न करने हेतु अनुरोध किया गया तथा यात्रियों को 'से नो टू प्लास्टिक' का संदेश देने के लिए कॉटन के झोलों का वितरण भी किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबंधक/इज्जतनगर सुश्री रेखा यादव के मार्गदर्शन में इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्टेशन के प्लेटफार्म, रेल ट्रैक, वेटिंग रूम, फुट ओवर ब्रिज, वेंडिंग स्टॉल, वाटर बूथ, सर्कुलेटिंग एरिया तथा प्रसाधन रूमों की गहन सफाई कराई गई तथा यात्रियों को कचरा कुड़ेदान में ही डालने हेतु जागरूक किया गया। इस स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों सहित स्वच्छता मित्र बढ़ चढकर अपना योगदान दे रहे है।

आनंद विहार राधिकापुर सप्ताहिक गाड़ी का संचलन 6 अक्टूबर से

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु नई गाड़ी सं0-14012/14011 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचलन आनन्द विहार टर्मिनस से 06 अक्टूबर,2024 से प्रत्येक रविवार को तथा राधिकापुर से 08 अक्टूबर,2024 से प्रत्येक मंगलवार को किया जायेगा।

14012 आनन्द विहार टर्मिनस-राधिकापुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 06 अक्टूबर,2024 से आनन्द विहार टर्मिनस से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजियाबाद से 00.23 बजे, हापुड़ से 01.05 बजे, मुरादाबाद से 03.00 बजे, चन्दौसी से 04.00 बजे, सीतापुर से 08.22 बजे, गोण्डा से 11.30 बजे, मनकापुर से 11.56 बजे, बस्ती से 12.53 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, कप्तानगंज से 15.55 बजे, नरकटियागंज से 18.25 बजे, बेतिया से 18.56 बजे, सगौली से 19.20 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 19.38 बजे, मुजफ्फरपुर से 22.08 बजे, समस्तीपुर से 23.00 बजे, बरौनी से 23.55 बजे, तीसरे दिन बेगूसराय से 00.14 बजे, खगड़िया से 00.55 बजे, मानसी से 01.07 बजे, नौगछिया से 02.00 बजे, कटिहार से 03.40 बजे, सोनैली से 04.08 बजे, सालमारी से 04.29 बजे, बारसोई से 04.50 बजे, रायगंज से 05.30 बजे तथा कालियागंज से 06.40 बजे छूटकर राधिकापुर से 07.00 बजे पहुंचेगी। 14011 राधिकापुर-आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस 08 अक्टूबर,2024 से राधिकापुर से 10.30 बजे प्रस्थान कर कालियागंज से 10.45 बजे, रायगंज से 11.10 बजे, बारसोई से 12.00 बजे, सालमारी से 12.17 बजे, सोनैली से 12.42 बजे, कटिहार से 13.40 बजे, नवगछिया से 14.24 बजे, मानसी से 15.12 बजे, खगड़िया से 15.24 बजे, बेगूसराय से 15.52 बजे, बरौनी से 16.30 बजे, समस्तीपुर से 17.35 बजे, मुजफ्फरपुर से 19.00 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 20.47 बजे, सगौली से 21.11 बजे, बेतिया से 21.32 बजे, नरकटियागंज से 22.12 बजे, दूसरे दिन कप्तानगंज से 01.07 बजे, गोरखपुर से 02.55 बजे, बस्ती से 03.55 बजे, मनकापुर से 04.42 बजे, गोंडा से 05.30 बजे, सीतापुर से 08.55 बजे, चन्दौसी से 14.30 बजे, मुरादाबाद से 15.35 बजे, हापुड़ से 17.10 बजे तथा गाजियाबाद से 18.17 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 18.50 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुविधा में उन्नयन हेतु पश्चिम रेलवे के महेसाना-पालनपुर रेल खण्ड पर स्थित भुआ-ऊँझा-कामली स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। पोरबन्दर से 03 एवं 04 अक्टूबर,2024 को चलने वाली 19269 पोरबन्दर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग महेसाना-ऊँझा-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग महेसाना-पाटन- भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी महेसाना स्टेशन पर 04.30 बजे पहुंचकर 04.32 बजे छूटेगी।साबरमती से 05 अक्टूबर,2024 को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग मेहसाना-ऊँझा-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग महेसाना-पाटन-भिलडी-पालनपुर के रास्ते चलाई जायेगी। यह गाड़ी महेसाना स्टेशन पर 10.55 बजे पहुंचकर 10.57 बजे छूटेगी। साबरमती से 05 अक्टूबर,2024 को चलने वाली 15270 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग पालनपुर-ऊँझा-महेसाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पालनपुर-भिलडी-पाटन-महेसाना के रास्ते चलाई जायेगी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजनः125 सफाई मित्रों को किट देकर किया सम्मानित

सोनभद्र। अनपरा स्थित हिण्डालको रेनुसागर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम चरण में सुमंगलम भवन रेनुसागर में एक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 125 सफाई मित्रों को स्वच्छता किट देकर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपी सिंह ने सफाई मित्रों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने बताया कि एक स्वच्छ वातावरण स्वस्थ मानसिकता का निर्माण करता है। स्वच्छता को हर व्यक्ति की आदत में शामिल करना आवश्यक है। इससे पहले, ग्रामीण विकास विभाग के सहायक प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वच्छता पखवाड़ा की प्रमुख गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई, ड्राइंग और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने के प्रति जागरूकता फैलाई गई। कपड़े के थैले वितरित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सफाई मित्रों को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्वच्छता किट देकर सम्मानित किया गया।

आजमगढ़ मंडल भी रूरल टूरिज्म डेवलपमेंट स्ट्रैटेजी का हिस्सा

खरी कसौटी ब्यूरो

आजमगढ/लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने की प्रक्रिया में एक नए अध्याय को जोड़ा है। प्रदेश की समृद्ध ग्रामीण परिवेश को घरेलू व विदेशी पर्यटकों में प्रसिद्ध बनाने की परियोजना से अब आजमगढ़ मंडल को भी जोड़ा जा चुका है।

सीएम योगी के विजन अनुसार योजना के अंतर्गत, आजमगढ़, मऊ व बलिया में 4 गांवों में रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे समेत विभिन्न पर्यटक सुविधाओं विकास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आजमगढ़ मंडल के गांवों को इस योजना के साथ जोड़ने के बाद अब कुल मिलाकर रूरल टूरिज्म के लिए डेवलप किए जा रहे गांवों की संख्या 97 हो गई है। देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ तथा वाराणसी मंडल में पहले से ही इस परियोजना के अंतर्गत क्रियान्वयन शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि प्रदेश के अन्य मंडलों के चिह्नित गांवों को भी इस प्रक्रिया से जल्द ही जोड़ा

जाएगा। इन सभी पर्यटन विकास एवं निर्माण कार्यों को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सीएम योगी के विजन अनुसार पूरा किया जा रहा है और योजना को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत आजमगढ़, मऊ और जौनपुर जिलों में कुल 4 गांवों का चयन रूरल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे परियोजना के लिए चयनित किया जाएगा। सभी चारों गांव में एक विलेज को ऑर्डिनेटर, एक-एक जिला को ऑर्डिनेटर, एक टूरिज्म एक्सपर्ट, एक रूरल डेवलपमेंट एक्सपर्ट व टीम लीड की तैनाती होगी। प्रत्येक गांव में 10 लोकल गाइड, 5 स्टोरी टेलर, तथा लोकल कुजीन का स्वाद उपलब्ध कराने का दायित्म 5 परिवारों को सौंपा जाएगा। इसके अतिरिक्त, जरीदोजी, मूंज, लकड़ी के शिल्पकार, कुम्हार तथा बोटिंग, फिशिंग, फल व सब्जी तोड़ने तथा साइक्लिंग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 20 कलाकारों तथा स्थानीय लोगों को कार्यभार सौंपा जाएगा। ग्राम स्तर पर 10 होम स्टे तक निर्मित किए जा सकेंगे। इनकी रजिस्ट्रेशन, विकास व नियमन इत्यादि की प्रक्रिया को स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार की पॉलिसी के अनुरूप पूरा किया जाएगा। सारी प्रक्रिया उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के दिशा-निर्देशन में पूरी की जाएगी। परियोजना के अनुसार, सभी रूम स्टे निधि प्लस पोर्टल के साथ भी एकीकृत होंगे। इसके अतिरिक्त, 4 आइसोलेटेज एग्रो टूरिज्म प्रॉपर्टीज के विकास की संभावनाओं को भी तलाशा जाएगा। परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक तीन महीने में गांवों में टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। साथ ही, इन सभी ग्रामों का सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर अकाउंट बनाकर उन्हें प्रमोट किया जाएगा। ग्रामों में 15 रूम तक की कैपेसिटी पर रूम स्टे विकसित किए जाएंगे। सारी विकास प्रक्रिया को 6 महीने के 3 चरण, 4 महीने के चौथे चरण तथा 2 महीने के पांचवें चरण के रूप में 24 महीनों यानी दो वर्षों की अवधि में विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिहाज से देश का नंबर वन टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के अतिरिक्त प्राकृतिक, वन्य व लोक पारंपरिक कलाओं आधारित पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश की संस्कृति और प्रकृति को देखने और उसे अनभूत करने की ललक न केवल देसी बल्कि विदेशी पर्यटकों में भी बहुत है।

मां ने प्लानिंग कर बेटी-भतीजी को फांसी पर लटकाया

खरी कसौटी ब्यूरो

गोरखपुर। ''मेरी बहू को कोई बीमारी है। वह दीमागी तौर पर ठीक नहीं है। शुरू में तो हम लोगों ने उसका इलाज भी कराया लेकिन वह डॉक्टर की दवा खाती ही नहीं थी। उसे डॉक्टरों पर नहीं बल्कि तंत्र-मंत्र पर अधिक विश्वास था। वह अक्सर किसी न किसी तांत्रिक के पास जाती थी और फिर उसके बताए अनुसार घर में उल्टे-सीधे काम करती थी। उसकी हरकतों की वजह से ही घर में उसे कोई बिंदु कहकर नहीं पुकारता था बल्कि सभी उसे पगली...पगली कहते थे। यही वजह है कि शादी तंग आकर करीब दो साल पहले मेरा बेटा यहां काम छोड़कर हैदराबाद चला गया और अब वो वहीं काम करता है। अब इसी से उसके दीमाग का अंदाजा लगाया जा सकता है कि उसने सिर्फ अपनी 5 साल की मासूम बेटी को ही नहीं बल्कि अपने देवर की ढाई साल की बेटी को भी फांसी से लटकाकर मार डाला। यह कहना है बिंदु चौहान के ससुर शिव प्रसाद चौहान का। 30 साल की महिला बिंदु ने बुधवार को अपनी 5 साल की बेटी और ढाई साल की भतीजी को पहले फांसी से लटकाकर मार डाला और फिर खुद भी खुदकुशी करने के लिए ट्रेन के आगे कूद गई। बिंदु ने अचानक से यह कदम नहीं उठाया, बल्कि इसके लिए उसने पहले से पूरी प्लानिंग कर रखी थी। हैरान कर देने वाली बात यह है कि इस दिल दहला देने वाली घटना के पहले बिंदु एकदम सामान्य थी। सुबह उठी तो उसने आमलेट-ब्रेड बनाया। खुद भी खाया और अपनी बेटी और भतीजी को भी खिलाया। लेकिन, इसके कुछ देर बाद अचानक इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देने के पीछे क्या वजह होगी? यह बात हर किसी के जहन में दौड़ रही है। बिंदु के देवर खुशवंत चौहान ने बताया, इससे पहले भी वह कई बार अपनी बेटी के साथ खुदकुशी की ?कोशिश कर चुकी थी। एक बार तो घर में विवाद के बाद उसने बेटी को गोद में उठा लिया था और पूरे घर में आग लगाने जा रही थी। हालांकि, सभी को ऐसा लग रहा है कि बिंदु ने अचानक इस दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया है लेकिन ऐसा नहीं है। उसने एक दिन पहले ही इसकी प्लानिंग कर ली थी। शायद यही वजह है कि मंगलवार की शाम उसने अपनी पड़ोस में रहने वाली एक महिला को अपना पर्स सौंपा था। जिसमें करीब 10 हजार रुपए, कुछ जेवरात और जरूरी कागजात थे। बिंदु ने महिला को पर्स देते वक्त यह कहा था कि इसे अपने पास रखी रहो कल मैं तुमसे ले लूंगी। लेकिन, इससे पहले उसने इस घटना को अंजाम दे डाला। वहीं, दोनों बेटियों की हत्या करने के बाद जब बिंदु घर निकली तो उस वक्त भी वह अपने साथ एक छोटा पर्स लेकर गई थी। जिसमें उसके कमरे की चाबी, कुछ रुपए, परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर और आधार कार्ड थे। जिसे घटना के बाद बरामद कर परिवार को सौंप दिया। साथ ही इसी पर्स में मिले नंबर पर ही फोन कर परिवार के लोगों को घटना की जानकारी दी।

संक्षिप्त खबरें

डंपर की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत, पंडाल में बिजली सजाते समय हुआ हादसा

प्रयागराज। दुर्गा पूजा पंडाल के लिए सड़क किनारे बावलियों पर बिजली सजाते समय एक युवा के डंपर की चपेट में आ गया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसे अस्पताल ले जाते, इससे पहले उसकी मौत हो गई। रात करीब दो बजे हुए हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद घर में कोहराम मचा हुआ है। लालगोपालगंज कस्बा स्थित लाल बाबा का पूरा उर्फ खरगू का पूरा मोहल्ला निवासी मो. अवैश राइन पुत्र स्व. अब्दुल रजाक तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। वह शादी-विवाह और त्योहारों पर बिजली सजावट का काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार रात करीब दो बजे कस्बा जेठवारा मार्ग स्थित मनिलाल का इदारा के पास बने पूजा पंडाल में सड़क किनारे बल्लियों पर बिजली सजावट कर रहा था, इसी बीच एक अनियंत्रित डंपर ने उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद पंडाल में काम कर रहे अन्य साथी आ गए। युवक को अस्पताल ले जाते, इससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन और स्थानीय पुलिस भी आ गई। बाद में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटना कर भाग रहे डंपर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। युवक की मौत पर मां खलीकुन्निशा बदहवास है।

दिल्ली जयनगर त्योहार विशेष गाड़ी का संचालन 8 अक्टूबर से

गोरखपुर । रेलवे प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04006/04005 दिल्ली-जयनगर-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर तथा 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा जयनगर से 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर तथा 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को 15 फ़ेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04006 दिल्ली-जयनगर त्यौहार विशेष गाड़ी 08, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर तथा 01, 05, 08, 12, 15, 19, 22, एवं 26 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिल्ली से 23.05 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 23.50 बजे, दूसरे दिन मुरादाबाद से 02.10 बजे, बरेली से 03.47 बजे, लखनऊ से 08.30 बजे, गोंडा से 10.52 बजे, बस्ती से 12.12 बजे, गोरखपुर से 14.00 बजे, छपरा से 17.00 बजे, हाजीपुर से 18.30 बजे, मुज़फ्फरपुर से 19.30 बजे, समस्तीपुर से 20.50 बजे, दरभंगा से 21.55 बजे तथा मधुबनी से 22.42 बजे छूटकर जयनगर 23.45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04005 जयनगर-दिल्ली त्यौहार विशेष गाड़ी 10, 13, 17, 20, 24, 27, 31 अक्टूबर तथा 03, 07, 10, 14, 17, 21, 24 एवं 28 नवम्बर, 2024 दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं रविवार को जयनगर से 01.30 बजे प्रस्थान कर मधुबनी से 02.32 बजे, दरभंगा से 03.25 बजे, समस्तीपुर से 04.50 बजे मुज़फ्फरपुर से 05.50 बजे, हाजीपुर से 06.55 बजे, छपरा से 08.30 बजे, गोरखपुर से 11.30 बजे, बस्ती से 13.12 बजे, गोंडा से 14.40 बजे, लखनऊ से 17.10 बजे, बरेली से 21.02 बजे, मुरादाबाद से 22.50 बजे तथा दूसरे दिन गाज़ियाबाद से 00.40 बजे छूटकर दिल्ली 01.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 05, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

देवरिया राजकीय इंटर कॉलेज के नए निर्माण को स्वीकृति

देवरिया। राजकीय इंटर कॉलेज में नए भवन के निर्माण, छात्रावास, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्मार्ट क्लास, शौचालय के निर्माण तथा अन्य सुविधाओं के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। गुरुवार को कॉलेज के सभागार में सदर सांसद शशांक मणि ने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार के साथ बैठक कर परियोजना की समीक्षा की। सदर सांसद ने कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज जिले का गौरव है। जनप्रतिनिधियों, विशेष कर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयास से इसके बेहतरी के लिए शासन से जो पैसा मिला है, उससे कॉलेज में छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा। यह कॉलेज शिक्षा की आधुनिक प्रणाली से लैस होगा। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज में जिले के दूर दराज क्षेत्रों से बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। आने-जाने में उन्हें काफी परेशानी होती है। 1000 कमरों का छात्रावास बनने से छात्र और छात्राएं यहीं रहकर पढ़ाई कर सकेंगे। जिला विद्यालय निरीक्ष शिव नारायण सिंह ने कहा कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास रहेगा। इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्रा, एक्सईएन राजेंद्र नाथ राय, जेई ज्योति नारायण, सतीश कुमार पांडे, रामप्रताप सागर, नंद लाल चौधरी, नीरज सिंह, मनीष मणि त्रिपाठी, प्रिंस चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे ।

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन प्रयागराज के मंदिरों में भीड़

प्रयागराज। आज से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। इसकी तैयारियों देर रात तक होती रहीं। लोग अपने घरों, मंदिरों व मंदिरों में साफ-सफाई करने में जुट रहे ताकि घर में मां भगवती विराजमान हों। न

अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला कार्यालय का विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया

(खरी कसौटी संवाद)

शाहजहांपुर। तिलहर विधानसभा से भाजपा की विधायक सलोना कुशवाहा ने शहर के खिरनीबाग मोहल्ले में अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यालय के उद्घाटन के बाद अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने विधायक सलोना कुशवाहा को बुकें देकर उनका स्वागत किया। वहीं संगठन मंत्री नीरज बाजपेई ने भी विधायक सलोना कुशवाहा को भगवान श्री राम का चित्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यालय के उद्घाटन के बाद भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि अभी तक अखिल भारत हिंदू महासभा का शाहजहांपुर जिले में कोई भी कार्यालय नहीं था, आज पहली बार खिरनी बाग मोहल्ले में जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में नया कार्यालय खोला गया है। अखिल भारत हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि उनका यह संगठन बहुत ही पुराना है और समय-समय पर हिंदुओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाता है। साथ ही जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हमारा संगठन एक गैर राजनीतिक संगठन है जो कि गौ सेवा के लिए विशेष कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में अखिल भारत हिंदू महासभा का कार्यालय खुलने के बाद अब किसी को भी इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि वह सीधे है इस कार्यालय में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं। अखिल भारत हिंदू महासभा कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तिलहर विधानसभा से भाजपा की महिला विधायक सलोना कुशवाहा रहीं। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यालय उद्घाटन के दौरान महासभा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह अग्निवेश गुप्ता अग्नि प्रदेश मंत्री, गौरव सिंह कनेग जिला प्रवक्ता,देवव्रत उर्फ गोरे,प्रभाकर वर्मा जिला कोषाध्यक्ष,अनंत कुमार सिंह पूर्व बार एसोशिएशन अध्यक्ष,सुदेश सिंह जिला उपाध्यक्ष,अनुज सक्सेना जिला प्रचार मंत्री,विवेक गुप्ता जिला मंत्री,प्रशांत कुमार जिला मंत्री, सुधांशु कुमार जिला प्रवक्ता, रामऔतार गुप्ता धर्माचार्य प्रमुख,रामदास कश्यप , महिला मोर्चा की मून शर्मा पार्षद सोनी मिश्रा पार्षद दीपू शर्मा हरगोविंद मिश्रा रंजना कश्यप, शायरा सहित हिंदू महासभा की जिला कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

नमी और कमी बताकर किसानों का आर्थिक शोषण

खरी कसौटी ब्यूरो

पीलीभीत। पीलीभीत में धान खरीद एक अक्टूबर से शुरूहो चुकी है इसी के साथ दलाल भी सक्रिय हो गए हैं पीलीभीत मंडी स्थित धान क्रय केंद्रो पर लगभग ठीक ठाक धान की आवक हो रही है। बही पीलीभीत मंडी क्रय केंद्रों पर धान लेकर आये किसानों में रोष देखा गया। किसानो ने आरोप लगाया कि उनके लाये धान में नमी और अन्य कमी बताकर उनको सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य तेइस सौ रूपए से कम मूल्य पर उनका धान खरीदा गया।

किसानो ने आरोप लगाया कि मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों पर दलाल सक्रिय है और वो उनके धान का जो मूल्य निर्धारित कर देते हैं तो वो ही रेट उनको मिलता है इन दलालों का नेटवर्क इतना तगड़ा है कि किसान किसी भी धान क्रय केंद्र पर चला जाए उसको वो ही रेट बताया जाएगा जो दलाल ने पहले बोल दिया था। जब भी धान की कोई ट्राली मंडी गेट से अंदर दाखिल होती है दलाल फौरन सक्रियता दिखाते हुए सक्रिय हो जाते हैं और किसान से उसके धानों में बहुत नमी और अन्य कमी बताकर औने पौने दाम पर उसके धान की खरीद करवा देते हैं।मंडी में धान लेकर आये किसान बोले कि बरसात होने से हम किसानों की कमर पहले ही टूट चुकी है ऊपर से सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य तेइस सौ रूपए का रेट भी नही मिल रहा है। जबकि योगी सरकार का स्पष्ट कहना है कि किसान का धान कैसा भी हो उसके धान की खरीद निर्धारित मूल्य पर ही की जाए। बही कुछ किसानो ने आरोप लगाया कि जिले में दो दो मंत्री हैं लेकिन हम किसानो का दुख दर्द देखने वाला कोई नही है किसानो ने यह भी आरोप लगाया कि यह धान क्रय केंद्र भी इन विधायक मंत्रियों के लोगों के हैं तो वो क्यों हमारा ख्याल रखेगें।बही पीलीभीत मंडी सचिव अशोक सिंह और मंडी सहायक जहीर अहमद ने बताया कि कल मंडी मे धान की आवक खरीद लगभग पांच हजार बोरी की हुई है जबकि अभी तीन दिन ही हुए हैं इस हिसाब से पीलीभीत की मंडी में अच्छी धान खरीद हुई है और किसानो को उनकी फसल का मूल्य भी अच्छा मिला है कल उन्नीस सौ और उन्नीस सौ अट्ठाइस रूपए कुंतल मूल्य किसानो को दिया गया किसान जो धान लेकर आ रहे हैं उसमें नमी बहुत जादा है।

जिला अस्पताल के डाक्टर द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस करने को लेकर सीएमओ से की शिकायत

पीलीभीत। पीलीभीत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैय्यद जकी ने सरकारी अस्पताल के नेत्र सर्जन डाक्टर विकास अग्रवाल के प्राइवेट प्रैक्टिस कर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने की शिकायत सीएमओ से की है। सीएमओ डाक्टर आलोक कुमार ने जांच करवा कर सख्त कार्रवाई करने की बात की है। सैय्यद जकी ने पत्र के माध्यम से सीएमओ को अवगत कराया है कि जिला अस्पताल में तैनात ड विकास अग्रवाल (आई सर्जन) गरीब मरीजों का खून चूस रहे हैं जो मरीज अस्पताल में उन्हें दिखाने आते हैं डक्टर विकास अग्रवाल नेत्र सर्जन उन्हें सही से नहीं देखते हैं और उनके साथ अभद्र व्यावहार करते हैं। और फिर अपने प्राइवेट क्लिनिक (निदान नेत्र आलय) अशोक कलोनी..पीलीभीत आने का दबाव बनाते हैं..और मरीजों से कहा जाता है कि अगर अच्छा इलाज कराना है तो मेरे क्लिनिक आकर दिखाओ ड विकास अग्रवाल प्राइवेट क्लिनिक चला रहे हैं इनकी वजह से गरीबों का शोषण हो रहा हैं। सैय्यद जकी ने कहा कि एक तरफ यह सरकार से मोटी तनख्वाह प्रति माह ले रहे है और दूसरी ओर यह शहर की पाश कालोनी अशोक कालोनी में अपना प्राइवेट क्लिनिक चला रहे हैं जिसमें यह अस्पताल में आने वाले मरीज को अपने क्लिनिक मे बुलाकर उसका आर्थिक रूप से शोषण भी कर रहे हैं दूसरी ओर सरकार को भी धोखा दे रहे हैं ऐसे डाक्टर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

मन्दिर में भीड़ पर एसपी ने दिये कब्जा हटाने के निर्देश

लखीमपुर-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी साहा द्वारा द्वारा शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत 'माँ संकटा देवी मन्दिर में भीड़ भाड़ को देखते हुवे सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता से मनिटरिंग करने व रूट डायवर्जन एवं अवैध अतिक्रमण के सम्बन्ध में सख्ती से पालन कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा संकटा देवी चौकी इंचार्ज श्रद्वा सिंह एवं टी0एस0आई0 राजो कुमार को अतिक्रमण हटाने के निर्दो दिये गये। अधीक्षक महोदय खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा ने गुरूवार को चौकी संकटा देवी क्षेत्रान्तर्गत लखीमपुर शहर में स्थित 'माँ संकटा देवी मन्दिर व आस-पास के क्षेत्र का मुआयना किया। सम्बन्धित अधिकारियों को रूट डायवर्जन यातायात एडवाइजरी के अनुसार बड़े वाहनों को रोकने व रोड पर होने वाले अनावश्यक अवैध अतिक्रमण को हटवाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी इंचार्ज संकटा देवी को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था के .ष्टिगत मन्दिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की 24 घन्टे सक्रियता से मनिटरिंग की जाएगी। साथ ही द्वारा अनावश्यक रूप से पार्किंग करने वाले वाहनों का यातायात नियमों के अंतर्गत चालान कराया गया व सम्बन्धित अधिकारियों को यातायात एडवाइजरीट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराये। ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारियों से यातायात के प्रत्येक क्षेत्र एवं वहां लगाए जाने वाले ड्यूटी व्यवस्था, यातायात बल के साथ ही जाम लगने वाले प्वाइंट, जाम लगने के कारण व उसके निदान की जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक ने अतिक्रमण को देखते हुवे गोला रोड, मेला रोड, सर्राफा बाजार का का भृमण किया। इस मौके टी0एस0आई राजो कुमार, संकटा देवी चौकी इंचार्ज श्रद्वा सिंह सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

महिलाओं को दी प्रेगनेंसी में उपवास न करने की सलाह

लखीमपुर खीरी। किलकारी हस्पिटल स्त्री रोग विशेषज्ञ डा सुप्रिया मिश्रा ने बताया महिलाओं को प्रेगनेंसी में उपवास न करने की सलाह देते हैं। परंतु यदि कोई महिला फिर भी व्रत रखना चाहती है, तो उन्हें अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। ज्यादातर उपवास 1 से 2 दिन के होते हैं जैसे पहला और अंतिम नवरात्र के दिन। ऐसे में शर्ट टर्म फास्टिंग ज्यादा नुकसानदेह नहीं होती। परंतु नवरात्र के इस महापर्व में गर्भवती महिलाओं की सेहत के लिए 9 दिन का व्रत रखना हानिकारक हो सकता है। छोटी सी लापरवाही मां और बच्चे दोनों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए इस दौरान अपने खानपान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। यदि कोई गर्भवती महिला लंबे समय का उपवास रखने जा रही हैं, जैसे कि नवरात्र के 9 दिनों का उपवास, तो आपको पहले अपने डक्टर से सलाह अवश्य लेनी चाहिए। चूंकि दूसरी और तीसरी तिमाही के दौरान अतिरिक्त कैलोरी की आवश्यकता होती है। अगर व्रत रखना ही है तो आहार का ध्यान ऐसे रखना बेहतर होगा। खूब सारा पानी, दूध, लस्सी या फलों का जूस पिएं। साथ ही प्रोटीन और फैटी एसिड से भरपूर सूखा मेवा और मखाना का सेवन करें। वहीं फाइबर युक्त शकरकंद, आलू या साबुदाना जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें। साथ ही उपवास के दौरान डिहाईड्रेशन के लक्षण जैसे कि चक्कर आना या गहरे रंग का पेशाब होने पर तुरंत ध्यान दें। क्योंकि यदि आप कम पानी पीती हैं, तो यूरिन इन्फेक्शन का खतरा भी बना रहता है। और हाँ शरीर को पर्याप्त आराम दें। प्रेगनेंसी में पूरे दिन भूखे नहीं रहना चाहिए। ऐसे में हर 4 से 5 घंटे पर कुछ न कुछ पौष्टिक खाती रहें। व्रत के दौरान तेल की जगह खाद्य पदार्थों को बनाने में घी का इस्तेमाल करना ज्यादा फायदेमंद रहेगा। एक उचित समय के बाद साबूदाना, कुट्टू,जैसे खाद्य पदार्थों से बने शुद्ध व्यंजन का सेवन कर सकती हैं। क्योंकि फाइबर युक्त ये खाद्य पदार्थ आपको लंबे समय तक संतुष्ट रखते हैं। साथ ही पर्याप्त पोषण भी प्रदान करते हैं। स्वत ही दूध, पनीर, छाछ, लस्सी और दही का सेवन कर सकती हैं। यह आपको पूरे दिन तरोताजा रहने में मदद करेंगे।

तीर्थ सरोवर में कलशों मे जल भरती महिलाएं

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। मां मंगला देवी महोत्सव में नवरात्र के प्रथम दिन मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर के समीप स्थित पवित्र तीर्थ से कलशो से जल भरकर वापस मंदिर परिसर यज्ञशाला में कलश स्थापना के साथ संपन्न हुई। पवित्र नवरात्रों के अवसर पर प्रथम दिवस मां मंगला देवी मंदिर में महोत्सव के क्रम में गुरूवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मां भगवती के स्वरूप की झांकी के साथ माता रानी के जयकारे लगाते भक्तों भीड चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर खुटार रोड होते हुए सदर चौराहे, सिनेमा चौराहा से तीर्थ में जल भरने के बाद वापस मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में केके शुक्ला, श्रीराम राजपूत, राजेन्द्र प्रसाद, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अवनीश मिश्रा, जगदीश वर्मा, आदर्श शुक, पूनम मिश्रा, प्रेमलता, निर्मला गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, सानू मिश्रा, रानी, अनीता, आरती, शीतल सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

दीवानी न्यायालय में मनायी गांधी जी व शास्त्री जी की जयन्ती

बहराइच। जनपद न्यायालय, बहराइच स्थित मीटिंग हाल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती मनाई गयी। जयन्ती कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच संजय कुमार तृतीय व प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बहराइच पवन कुमार शर्मा द्वितीय द्वारा माल्यार्पण किया गया। प्रथम अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश श्री शर्मा द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। उन्होनें बताया कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही यह भी बताया गया कि पर्सनल हाईजीन के अतिरिक्त अपने परिवेश को भी स्वच्छ रखा जाय। जिससे हम कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बच सकते हैं। जनपद न्यायालय एवं आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायालय बहराइच के न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

02 अक्टूबर से आयोजित होगी ग्राम चौपाल

बहराइच। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सुखेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के चकबन्दी आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के आदेश पर चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों में ग्राम वासियों की चकबन्दी सम्बन्धी समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु माह अक्टूबर में निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। श्री सिंह ने बताया कि मुख्य राजस्व अधिकारी/उपसंचालक चकबन्दी देवेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में एस.ओ.सी. सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान कराएंगे। ग्राम चौपाल आयोजन हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार 04 अक्टूबर को तहसील पयागपुर के ग्राम गांगूदेवर, 07 को उधरना ठकुराईन, 14 को लख्खारामपुर, 16 को मानिकपुर कलां, 23 को राजापुर गिरन्ट में 24 अक्टूबर 2024, तहसील महसी के ग्राम मैकूपुरवा में 09 व बभनौटी उर्फ शहर गोलागंज में 21 अक्टूबर, तहसील कैसरगंज के मंझारा तौकली में 10 अक्टूबर व मीरपुर कोनिया में 28 अक्टूबर तथा तहसील नानपारा के ग्राम बेलामकन में 18 अक्टूबर 2024 को ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

डीएम ने मिशन शक्ति पंचम चरण का किया शुभारम्भ

खरी कसौटी ब्यूरो

पीलीभीत। पीलीभीत विकासखंड मरौरी के ग्राम पंचायत न्यूरिया हुसैनपुर में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मिशन शक्ति पंचम चरण फ़ेज 5 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्जवलन केसाथ किया गया। जिला मिशन शक्ति फ़ेज 5 पंचम चरण के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित बच्चों एवं महिलाओं को बताया कि आज शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति का शुभारंभ किया जा रहा है यह अभियान 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभाग महिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा विभाग एवं माध्यम शिक्षा विभाग से अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण स्तर एवं क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे एवं सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों के मध्य संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमें छात्राओं ने करियर से सम्बंधित आई0 एस,आई0पी0एस0, नेट, जी0आर0 एफ0 से सम्बंधित सवाल पूछे गए। जिला समन्वयक निर्वान सिंह द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों 1098, 1930, 1076, 181, 102, 108 इत्यादि की विस्तार रूप से जानकारी दी । बताया गया कि मिशन शक्ति महिला शक्ति के अंतर्गत महिलाओं से संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु प्रदेश में 1535 थानों में शक्ति मोबाइल का गठन किया गया है। जिनके द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। महिला पुलिस के द्वारा बीट के गांव में महिलाओं से संवाद स्थापित करना ,नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं के लिए वूमेन हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा आदि के द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न और महिला अपराधों की रोकथाम के लिए उप्र सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

16 लाख के जेवराज चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

खरी कसौटी ब्यूरो

एयरटेल की टेस्टिंग करने वाला किराएदार से चोरी का हुआ माल बरामद

पीलीभीत। व्यापारी की आवाज से लगभग 16 लख रुपए लागत की सोने के जेवराज चोरी करने का थाना सुंदरी पुलिस एसओजी की टीम और सर्विलांस की टीम ने संयुक्त प्रयास से बड़ा खुलासा किया ।सीसीटीवी कैमरों की मदद से और परिजनों की पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी के आरोपी मुरादाबाद जनपद के थाना छजलैट, फतेहपुर बिश्नोई निवासी अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते बताया कि पीलीभीत नगर के वल्लभनगर कॉलोनी स्थित आवास संख्या 3 में रहने वाली सीमा गुप्ता पत्नी स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने अपनी पुत्रवधू कोमल गुप्ता पत्नी अक्षित गुप्ता की सूचना पर घर जाकर देखा कि उसके घर के अलमारी से जेवरात चोरी हो गए हैं ।इसकी सूचना 30 सितंबर 2024 को थाना सुनगढ़ी में 345 / 2024 धारा 305 (ए), 331 (4), 317(2) के अन्तर्गत दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना सुनगढ़ी प्रभारी पवन पांडे, एसओजी प्रभारी क्रांति वीर सिंह, सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार, एसएसआई दिगंबर सिंह, एसआई विपुल कुमार, सिपाही गौरव की टीम ने घटना की पड़ताल शुरू की और आज अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई । अभियुक्त पंकज कुमार पुत्र देवेंद्र सिंह मूल निवासी ग्राम अंदाया, थाना रूरा कानपुर देहात वर्तमान निवासी फतेहपुर बिश्नोई थाना छजलेट मुरादाबाद में पकड़े जाने पर बताया कि वह एयरटेल 5जी की टेस्टिंग का काम करता है ।उसने मई 2024 में सीमा गुप्ता का मकान किराए पर लिया ।सीमागुप्ता अपने पुत्र के साथ बाहर गई हुई थी ।उनकी पुत्रवधू घर पर अकेली थी ।उसने लालच वश पुत्रवधू को घर में अकेला सोने के दौरान चुपचाप मौका पाकर दरवाजा खोलकर अलमारी में रखें सोने के जेबरात जिसमें 2हार सोने के, पांच चैने लॉकेट सहित, पांच अंगूठियां, झुमकी ,ब्रेसलेट ,हाथों की चार चूड़ियां ,दो कड़े चौड़े आदि जेवरात चोरी कर लिए ।कई कई सर्राफों के यहां जेवर बेचने की कोशिश की ,लेकिन रसीद ना होने के कारण सर्राफा व्यापारियों ने जेवरात खरीदने से मना कर दिया। जेवर लेकर वह बाहर बेचने की फिराक में था इसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बड़ी मस्जिद में हुआ जश्न ए ईद मीलादुन्नबी, किया गया सम्मानित

(खरी कसौटी संवाद)

शाहजहांपुर । ईद मीलादुन्नबी के उपलक्ष्य में मोहल्ला खलील गर्बी स्थित बड़ी मस्जिद में महफिल ए जश्न ए ईद मीलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों से नमाज़ की पाबंदी करने और माता पिता का आदर सम्मान करने की ताकीद की गई। इस दौरान शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता में योगदान के लिए 12 विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। बुधवार की देर शाम महफिल का आगाज मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद जाहिद ने तिलावते कुरआन ए पाक से किया। हाज़रीन से खिताब करते हुए मुख्य अतिथि शहर पेश इमाम मौलाना हुज़ूर अहमद मंज़री ने कहा कि नमाज़ दीन का सुतून है। नमाज़ मोमिन की मेराज है। नमाज़ प्यारे आका की आंखों की ठंडक है। इस लिए नमाज़ की पाबंदी करें। नमाज़ पढ़ने से ईमान में ताज़गी पैदा होती है। मुफ्ती राहिल रज़ा मरकजी ने कहा कि अल्लाह के नबी ने हर जगह अपनी उम्मत की बख्शीश की दुआ मांगी है। रसूल अल्लाह अपनी उम्मत से बहुत मोहब्बत किया करते थे। हम सभी को अपने रसूल अकरम से खुब इश्क ओ मोहब्बत रखना चाहिए। उन्होंने मसलके आला हजरत पर भी रोशनी डाली। हाफिज मोहम्मद मोहम्मद अनीस अहमद ने कहा कि हम सब को अपने माता पिता का आदर व सम्मान करना चाहिए। माता पिता की सेवा से अल्लाह हमसे राज़ी होता है और अपना फजल फरमाता है। इस दौरान मौलवी सुहैल बरकाती, हाफिज कासिम अख़्तर वारसी, हाजी मुजीब खां, शहनवाज कादरी, गुलजार अहमद, रमीज रज़ा ने नात व मनकबत पेश की। इस दौरान शिक्षा, समाजसेवा, पत्रकारिता में योगदान के लिए मौलाना हुज़ूर अहमद मंज़री, मुफ्ती राहिल रज़ा, हाफिज अनीस अहमद, सुहैल बरकाती, शाहनवाज कादरी, कासिम अख़्तर वारसी, गुलजार अहमद, हाजी मुजीब खां, राशिद हुसैन राही, अज़हर अली, सैय्यद कासिम रजा, रमीज रज़ा आदि विशिष्ट जनों को शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। आखिर में सलात ओ सलाम के बाद मुफ्ती राहिल रज़ा ने मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। हाज़रीन में शीरीनी बांटी गई। इस मौके पर अनीस खां, फतेह यार खां हनीफ, डा. इरशाद हुसैन, अफवान यार खां, दिलशाद हुसैन, अनस हुसैन, हसनैन नवाब, मुबारक, मोहम्मद फरमान,? आजाद मास्टर, अकील, नईम, जाहिद हुसैन, यशब हुसैन, अनफास समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संयोजक इरशाद हुसैन व अफवांन यार खां ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

संक्षिप्त खबरें

चैम्पियनशिप ट्राफी का कार्यक्रम आयोजित

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। रोटरी क्लब गोला सेंट्रल के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय ओपन बैंडमिंटन टूर्नामेंट एसआरएल, स्पोर्ट्स फाउंडेशन के मध्य खेला गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू रहे। रोटरी क्लब अध्यक्ष अभिषेक राजपूत ने अतिथियों का स्वागत के क्रम में कहा। कि संस्था इस तरह के आयोजनों से नई प्रतिभाओं को मंच देना चाहती हैं, ताकि वह राष्ट्रीय और अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस टूर्नामेंट में लखीमपुर, मोहम्मदी, निघासन, मैलानी, भीरा, गोला सहित कुल 32 टीमों ने डबल्स में हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में लखीमपुर के पवन अग्रवाल और क्षितिज की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में भीरा के प्रांजल खन्ना और हेमंत राय की जोड़ी को हराकर शानदार जीत दर्ज करते हुए चौंपियनशिप ट्रफी पर कब्जा जमा लिया। मैन अफ द सीरीज भीरा के प्रांजल खन्ना रहे। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन और समर्पण की भावना विकसित करता है। बैंडमिंटन जैसे खेल से युवाओं को प्रेरणा मिलती है। इसी कडी में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि विजय शुक्ल रिंकू ने विजेताओं को ट्रफी, सर्टिफिकेट, पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता प्रतिभागियों को विनय गुप्ता, पुनीत साहनी, आशुतोष अग्निहोत्री, मनोज आदि ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में टूर्नामेंट प्रभारी संजय सैनी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

गाली गलौज व हवाई फायर करने पर मामला दर्ज

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। आपसी रंजिश के चलते गाली गलौज का विरोध करने पर फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पीडित ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरुकर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़वारा निवासी अब्दुल हमीद पुत्र अब्दुल मजीद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया। कि गांव के बाहर उसका केले का प्लाट है। जिसमें उसके दोनों पुत्र साजिद व शहीद सो रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी मन्ना और इरसाद व इस्लाम पुत्रगण मनी उल्ला प्लाट के गेट पर खडे होकर गाली गलौज करने लगे। जब उसके पुत्रों ने विरोध किया। तो उक्त लोग असलहे से हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

अवैध चिकित्सा कारोबारी बना तथा कथित पत्रकार

नानपारा बहराइच। बताते चलें कि थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माघी में अवैध ढंग से मेडिकल स्टोर संचालित कर वर्षों से अवैध चिकित्सा का कारोबार फल फूल रहा है। फर्जी चिकित्सक के पास ना कोई डिग्री है ना कोई लाइसेंस फिर भी धड़ल्ले से आम जनमानस के जीवन से कर रहा खिलवाड़ लोग हो रहे हैं इसका शिकार मेडिकल स्टोर के अंदर सैकड़ो ऐसी दवाइयां हैं। जिन पर अधिकतम मूल्य अंकित है। जबकि उनकी खरीद कम पैसों की है साथ ही दुकान के अंदर ही मरीज को लिटाकर ग्लूकोज की बोतले बिना किसी जांच पड़ताल, परीक्षण के लोगों को चढ़ा दी जाती है। हर मर्ज की एक ही दवा चिकित्सक द्वारा मरीजों से मनमाने पैसे वसूले जाते हैं कोई पत्रकार हस्तक्षेप ना करें। इसलिए कहीं से पोर्टल की आईडी बनवा कर बन बैठा पत्रकार झोलाछाप डॉक्टर जबकि किसी अवैध कार्य में लिप्त व्यक्ति को किसी मीडिया संस्थान द्वारा आईडी नहीं दी जाती है फिर भी इस चतुर चालाक झोलाछाप डॉक्टर ने अपने को बचाने हेतु न्यू मीडिया हाउस नामी एक बोर्ड मेडिकल स्टोर के ऊपर लगा रखा है जिस पर अपने आप को ब्लाक रिपोर्टर फोटो सहित दर्शा रहा है अनजाने में पता नहीं कितनी मौतें इस डॉक्टर से हो चुकी हैं परंतु ग्रामीण अनजान बनकर रह जाते हैं। यदि ऐसे लोगों पर चिकित्सा विभाग जांच पड़ताल करवाने के पश्चात कार्यवाही नहीं करता है तो ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ेगा और क्षेत्र में मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ होता रहेगा एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के लिए उचित प्रबंध कर रही है दूसरी तरफ इस तरह के अवैध कारोबारी मरीजों को अच्छे चिकित्सकों तक पहुंचने नहीं देते हैं और उनको अपना शिकार बना लेते हैं।

पुलिस ने चार बाइकों संग बाइक चोर को किया गिरफ्तार

नानपारा बहराइच। नवाबगंज थाने की पुलिस ने अन्तर्जनपदीय बाइक चोरी का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने चोरी की चार बाइक संग एक अंतर्जनपदीय बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद बाईकों को सीज कर दिया है। फरार अन्य साथी की तलाश की जा रही है। पकड़ा गया चोर श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में नवाबगंज थानाध्यक्ष शीला यादव द्वारा बाइक चोरों की तलाश शुरू की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक अशोक कुमार जायसवाल, उप निरीक्षक अशोक चतुर्वेदी, रणजीत यादव, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव, जितेंद्र राज, स्वतंत्र विक्रम सिंह और भोला यादव की टीम ढोढे नहर पुलिया मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस ने कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। काफी सख्ती के बाद बाइक चोरी की बात कही। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम माधव राम पुत्र आज्ञा राम सम्मननगर धर्मनगर नवाबगंज बताया। उसने बताया कि यह बाइक उसने श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना अंतर्गत भगवानपुर गांव निवासी अर्जुन पासी पुत्र दयाराम से लिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों मिलकर श्रावस्ती, बहराइच और लखनऊ में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। अब तक दो बाइक नेपाल में बेच भी चुके हैं। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तीन और बाइक बरामद की। एसपी ने बताया कि बरामद चोरी की बाइक को सीज कर दिया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। फरार सहयोगी की पुलिस तलाश कर रही है।

विभाग की समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बहराइच। पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के त्वरित क्रियान्वयन के उद्

संक्षिप्त खबरें

कमिश्नर गौरव दयाल ने परखी जिले के विकास की हकीकत

सुलतानपुर। अतिवृष्टि के दौरान जिले में मनरेगा योजना का कार्य दिखाए जाने के भ्रष्टाचार के मामले पर कमिश्नर गौरव दयाल ने जांच कराकर कार्यवाही की बात कही। ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव की व्यापक पैमाने पर चल रही तैयारी और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में निगरानी की कमी की रिपोर्ट पर कमिश्नर गौरव दयाल दिखे सख्त। कहा, दोषी अफसर के खिलाफ होगी जरूर कार्रवाई। बल्दीराय थाना क्षेत्र में मारपीट कर लूट और चोरी की घटना पर बोले आईजी प्रवीण कुमार, मिले अहम सुराग, जल्द करेंगे पूरे मामले का खुलासा। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना और एसपी सोमेन वर्मा समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कमिश्नर और आईजी ने दी विकास कार्यों की समीक्षा की जानकारी।

डीएम ने डिप्टी सीएम के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

अम्बेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, केशव प्रसाद मौर्य के जनपद में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल जयराम वर्मा स्मारक इंटर कॉलेज, नाऊसांडा, थाना इब्राहिमपुर, विकासखंड टांडा का निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्यों की अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल के पास बनाए जा रहे अस्थाई हेलीपैड के संपूर्ण कार्यों को समय से पूर्ण करने तथा कार्यक्रम स्थल के संपूर्ण परिसर एवं आसपास के संपर्क मार्गों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल एवं स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम हेतु निर्धारित कार्यक्रम स्थल प्राथमिक विद्यालय पूराबक्शराय, विकासखंड टाण्डा का निरीक्षण किया तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभागो से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं की लगाई जा रही स्टालों के कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सकुशल आयोजन सुनिश्चित करने के हेतु ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने ड्यूटी पॉइंट पर समय से पहुंचने व अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करने के निर्देश दिए।

रामलीला के पांचवें दिन सीता फुलवारी का हुआ मंचन

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय बाजार में 28 सितंबर एकादशी से प्रारंभ श्रीरामलीला के पांचवें दिन बुधवार की रात्रि में सीता फुलवारी का मंचन किया गया। ताड़का बध और अहिल्या उद्धार के बाद श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर ऋषि विश्वामित्र जनकपुर पहुंचे। वहां विश्राम किया। श्रीराम और लक्ष्मण गुरुविश्वामित्र के पूजा के लिए फूल लेने महाराजा जनक के बगीचे में गये। वहां पर भगवती सीता से पहली बार श्रीराम का आमना-सामना हुआ। सीता फुलवारी में अपने सखियों के साथ आयी थीं। रामलीला स्टेज पर फुलवारी की भव्य सजावट की गई थी। गुरुवार को धनुषयज्ञ के मंचन की तैयारी चल रही थी।

दुघर्टना में सपा नेता की मौत

जमालपुर (मिर्जापुर)। क्षेत्र के जीवनाथपुर कंचनपुर स्टेट हाइवे पर बुधवार की रात्रि जलालपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल जाने से सहिजनी कला खुर्द निवासी बाइक चालक सपा नेता अलाउद्दीन (60) पुत्र गुलाम रसूल की मौत हो गई। मृतक शाम को घर से बाइक से ओड़ी गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आ रहा था कि जैसे ही रात्रि करीब आठ बजे जलालपुर गांव के पास पहुंचा कि बाइक फिसल कर गिर जाने से दुर्घटना का शिकार हो गया जिससे सिर में गंभीर चोट लग गई। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को सीएचसी केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया एवं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया एवं गांव में सन्नाटा पसर गया। मृतक को तीन पुत्र है जो बाहर रहकर काम करते है। मृतक समाजवादी पार्टी का पदाधिकारी था।

वन्य प्राणी सप्ताह पर निकाली प्रभात फेरी, किया जागरूक

हलिया (मिर्जापुर)। कैमूर वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत हलिया रेंज की ओर से गुरुवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत भटवारी गांव स्थित जगधारी प्रसाद यादव इंटर कालेज के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। इसके माध्यम से लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कहा कि जीवन चक्रके लिए वन्य प्राणियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।बच्चों ने जीवों का न करें संहार, धरती मां की यही पुकार, हमने वह ठाना है जीवों को बचाना है आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए चले। प्रभात फरी को डिप्टी वन रेंजर सीपी तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डिप्टी रेंजर सीपी तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष एक से सात अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वन्य जीवों की महत्ता लोगों को समझाना है। कहा कि जीवन चक्रके लिए वनों का जितना महत्व है, उतना ही महत्व वन्य प्राणियों का है।

जनपद में विदेश भेजने के नाम पर हो रही ठगी

खरी कसौटी ब्यूरो

अंबेडकरनगर। ज्यादातर भारतीय विदेश जाने का सपना देखते हैं।. कुछ लोग विदेश घूमने जाना चाहते हैं, तो कुछ अमेरिका, कनाडा सहित गल्फ देशों में जाकर काम करके पैसा कमाना चाहते हैं। लोगों की इन्हीं महत्वाकांक्षाओं का फायदा उठाकर ठग उन्हें अपना शिकार बनाते हैं।. क्योंकि विदेश जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत होती है, जो कि बहुत मुश्किल से हासिल हो पाती है.।

ये ठग लोगों को लालच देकर उन्हें पासपोर्ट और वीजा उपलब्ध कराने की बात कहते हैं, लेकिन असलियत में फर्जीवाड़ा कर रहे होते हैं ,जो कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी किया जा रहा है।ये लोग अलग-अलग जगहों पर फ्रंट ऑफिस खोलते हैं. गिरोह भोले-भाले लोगों से पैसे लेकर फर्जी वीजा से लेकर नकली टिकट, नकली वर्क परमिट बना कर देता था। इसके बाद आदमी विदेश जाकर फंस जाता है।इस तरह के मामलों में पुलिस को शिकायत मिल रही है लेकिन पुलिस मामले को संज्ञान नहीं ले रहा है आखिर कब तक जनपद के भोले भाले लोग विदेश जाने के नाम पर गिरोह का शिकार होते रहेंगे यह भविष्य के गर्भ में है। मामला थाना सम्मनपुर एवं बसखारी के नाक के नीचे ही धड़ल्ले से खूब चल रहा है इस कारोबार में बड़े दिग्गज शामिल जिला जौनपुर आजमगढ़ और बसखारी-दरगाह के शामिल होने की पुष्टी हुई लेकिन प्रशासन में अच्छी पकड़ होने के नाते आज तक यह खुलासा नहीं हो पा रहा है।जहां एक तरफ मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ऐसे तमाम फर्जी कारोबारियों पर सख्त हैं लेकिन यहां का शासन प्रशासन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के मंसूबे पर पानी फ़ेरते नजर आ रहे हैं यह कारोबार कई वर्षों से खुलेआम फल फूल रहा है लेकिन शासन प्रशासन झुनझुना बजाने अथवा लक्ष्मीना के रूप रंग में पथ-भ्रष्ट हो गया है। पीड़ित मिथुन कुमार का कहना है। पीड़ित मिथुन कुमार उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र सावित्रा राम निवासी ग्राम बहोरवा पोस्ट महरु मुर्तिहा तहसील मोहल्ला थाना गिरंट बजार जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।पीड़ित मिथुन कुमार वर्तमान का पता पलई रामनगर थाना सम्मनपुर जिला अंबेडकर नगर में रह रहा है मिथुन कुमार अपनी जीविका चलाने के लिए फ़ेरी का काम कर रहा है चटाई झूमर का फ़ेरी लगाकर अपने जीव का यापन कर रहा था।

पीड़ित मिथुन कुमार ने बताया कि इसी बीच में बरियावन बाजार ग्राम उसमा पट्टी का रहने वाला दिनेश कुमार मिला और उससे सामान खरीदते हुए कहा तुम फ़ेरी का कार्य करते हो उससे गरीबी दूर नहीं होगी तुमको विदेश दुबई भिजवा देंगे और और पीड़ित मिथुन कुमार से घुल मिल गया लेकिन वहीं दूसरे अतुल कुमार दुबे भी संबंध बढ़ा लिया और पीआईडीईटीएम मिथुन कुमार को बसखारी ऑफिस खुशी ओवरसीज ट्रेनिंग एण्ड टेस्ट सेंटर पर बुला लिया गया पीड़ित मिथुन कुमार ने विपक्षी के ऊपर अटूट विश्वास किया और विश्वास आ गया दिनेश कुमार अतुल दुबे दुबई जाने के लिए कहा एक लाख पचास हजार लगेगा । उसके बाहकावे में आ गया और पीड़ित मिथुन कुमार एक लाख तेरह हजार नगद दिया जिसकी वीडियो भी बना लिया और बाकी का रुपया दिनेश के खाते में एवं 20000/ रुपया दिनेश कुमार के खाते में दे दिया और मुझे फर्जी पासपोर्ट वीजा पर दुबई भेज दिया वहां पर मुझे कोई काम नहीं मिला पीड़ित मिथुन कुमार को दुबई पुलिस प्रशासन ने इमरजेंसी कार्ड बनवाकर भारत भेजा।

पीड़ित मिथुन कुमार ने यह भी बताया कि दुबई में 18 दिन जेल में रहा। मिथुन कुमार ने बताया की पंचदेव दुबे पुत्र अतुल दुबे निवासी मोहम्मदपुर पदारथ के रहने वाले हैं । दिनेश कुमार नट बरियावन बाजार उसमा पट्टी रहने वाले और जब मैं आया। तो विपक्षियों से मिलने गया विपक्षी जान से मारने थप्पड़ मार और गाली गलौज दिए जान से मारने की धमकी दिए प्रार्थी मिथुन कुमार ने थाना सम्मनपुर को लिखित शिकायत 19 /08/2024 को दिया थाना प्रभारी ने तीसरे दिन विपक्षी को बुलवाएं और सुलह समझौता कराने का प्रयास होता रहा। पीड़ित मिथुन कुमार न्याय की गुहार की बात कह रहा था रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहा लेकिन थाना में प्रबल प्रभाव बने हुए थे वहां रिपोर्ट नहीं दर्ज हो पाई,न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

सामूहिक विवाह घोटाला व मनरेगा में भ्रष्टाचार पर सख्त नजर आए मंडलायुक्त

खरी कसौटी ब्यूरो

सुलतानपुर। गुरुवार को मंडलायुक्त अयोध्या गौरव दयाल ने डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास की हकीकत जानी। वहीं, बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में भ्रष्टाचार के मामले में कहा कि अगर जांच अधिकारियों की रिपोर्ट में समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह के दोषी होंगे तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बारिश व जलभराव के दौरान तीन दिनों तक मनरेगा के कराए गए कार्यों पर कमिश्नर सख्त दिखाई दिए, उन्होंने भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई की बात कही। दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल को पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में गार्ड अफ अनर दिया गया। डीएम .त्तिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन बर्मा व सीडीओ अंकुर कौशिक ने पुष्पगुच्छ देकर मंडलायुक्त का स्वागत करते हुए पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस में मौजूद जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत उषा सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, कादीपुर विधायक राजेश गौतम, लंभुआ विधायक सीताराम बर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद मंडलायुक्त की अध्यक्षता वपुलिस महानिरीक्षक अयोध्या प्रवीन कुमार की उपस्थिति में नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों, राजस्व कार्यों,कानून व्यवस्था, दुर्गा पूजा दशहरा की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की।बैठक में मंडलायुक्त ने सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में पाया कि अधिशाषी अधिकारी पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्य की गति धीमी है तेजी लाने का निर्देश दिया।

जल जीवन मिशन के पेयजल हेतु पाइप लाइन बिछाने से टूटी हुई सड़कों का मरम्मत कार्य कराने हेतु अधिशाषी अभियन्ता जेजेएम को निर्देशित किया। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सभी विभागों की बिन्दुवार प्रगति समीक्षा की। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सभी सबंधित मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित मुकदमों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। पुलिस महानिरीक्षक ने दुर्गा पूजा दशहरा के दृष्टिगत की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में सभी संबंधित एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

स्वयं को बालगृह भेजने की गुहार लगाने वाली बच्चियों को डीएम ने करवाया कस्तूरबा गांधी विद्यालय में भर्ती

खरी कसौटी ब्यूरो

अम्बेडकर नगर सूचना न्यूज़ सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही खबर'' कुदरत ने खेला कुछ इस तरह खेल कि सगी नाबालिक बहनों ने स्वयं को बालगृह भेजने की लगाई गुहार''को जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी जलालपुर पवन कुमार जायसवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर मीनाक्षी सिंह द्वारा ग्राम व पोस्ट धवरूआ बाजार पहुंचकर बच्चियों के अभिभावक राजकुमार सोनी (चाचा)से संपर्क किया गया तथा पूरी जानकारी ली गई।

बच्चियों करिश्मा व तान्या के माता-पिता दोनों ही नहीं हैं, ऐसे में बच्चियां अपने चाचा के संरक्षण में रह रही थी। यह दोनों बच्चियां वर्तमान में कक्षा 5 के बाद स्कूल में दाखिला नहीं कराई थी। इनके चाचा दैनिक मजदूरी करते हैं, आर्थिक विपन्नता के कारण वह भी इनका भरण पोषण व देखभाल करने में सक्षम नहीं थे। ग्राम प्रधान अनिल कुमार सैनी भी मौके पर उपस्थित थे, जिनके द्वारा भी उपरोक्त बातों की पुष्टि की गई तथा लिखित रूप में भी दिया गया कि इन बच्चियों के शिक्षा- दीक्षा की व्यवस्था करा दी जाय।बच्चियों के चाचा द्वारा भी उनके पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था करने के लिए अनुरोध किया गया। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चियों को उनके घर से चाचा और चाची के साथ लिवाकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय फतेहपुर मोहिबपुर जलालपुर में उपस्थित हुए ,जहां पर वार्डे न ममता वर्मा एवं रुचि वर्मा के मौजूदगी में बिटिया तान्या का दाखिला कक्षा 6 में एवं करिश्मा का दाखिला कक्षा 7 में कराया गया। इस विद्यालय में बच्चियों को पढ़ाई लिखाई के साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होगी ,जहां पर इन्हें किसी प्रकार की कोई भी कठिनाई नहीं होगी। साथ ही इनकी शिक्षा भी पूरी होगी। जिलाधिकारी ने बताया गया कि बड़ी होने पर इन दोनों बच्चियों की शादी का पूरा जिम्मा जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। नामांकन के पश्चात दोनों बच्चियों तान्या व करिश्मा के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। कस्तूरबा में नामांकन के समय बच्चियों के अभिभावक के रूप में उनके चाचा, चाची तथा उप जिलाधिकारी जलालपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा कस्तूरबा विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह का आयोजन

बाराबंकी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत,अवध प्रांत की शाखा बाराबंकी का स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह आज सरस्वती विद्या मंदिर बाराबंकी में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबणीष जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन मंत्री, पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रमोद पांडे जी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए दिनकर जी ने कहा कि ग्राहक पंचायत को जन आंदोलन का रूप देने के लिए गरीब जनता के बीच में उपस्थिति बनानी होगी तथा गरीब जनता को न्याय दिलाना होगा, तभी जनता हम पर विश्वास करेगी। उन्होंने संगठन के व्यापक विस्तार पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रमोद पांडे जी ने उपस्थित लोगों से संगठन को विस्तार देने और मजबूत करने करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था के मूल में ग्राहक ही होता है। इसलिए ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति तथा कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। बैठक को प्रांतीय संगठन मंत्री आर पी सिंह विसेन, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला सचिव दिवाकर सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से अजय जय माता दी, राजेंद्र सिंह गुड्डू, कवि साहब शरण शर्मा, नवल किशोर तिवारी, सुधाकर वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने तीन सौ बीस लोगों को बनाया सदस्य

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में बृहस्पतिवार को दो गाँव में कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय महासचिव व सांसद राज्यसभा अरुण सिंह की अगुवाई में भाजपा का सदस्य बनाया गया। जिसमें उमरिया गांव में 210 व हथेडा स्थित शक्ति लान में 110 लोगों को मोबाइल एप से सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम को संबंधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि आप लोगो के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरा रहा है। भाजपा सब का साथ सबका विकास कर रही है। सदस्यता अभियान में कुशल कार्य करने वाले हलिया मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह चंदेल व गड़बड़ा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दूबे को माला पहना कर हौसला बढाया।इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता गडबडा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दूबे ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह ने किया। इस अवसर पर रमाशंकर सिंह पटेल, जय कुमार सिंह, नागेन्द्र तिवारी,शिव बाबू सेठ, धनेंद्र पांडेय, मनीराम कोल, दिनेश अग्रहरि,सुरेश मिश्रा, रमेश चौधरी, प्रधान काशी मिश्र, बबलू सिंह, राजू सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति फेज 5 का शुभारंभ

खरी कसौटी ब्यूरो

सीतापुर। इस विशेष अभियान के शुभारंभ के अवसर पर आज दनांक 03-10-2024 को जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर के नेतृत्व में मासिक स्वच्छता धर्म थीम पर हिन्दू कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित बालिकाओं को मासिक स्वच्छता धर्म की जानकारी देते हुए सेनेटरी पैड वितरित किए गए एवं वन स्टॉप सेन्टर से सेंटर मैनेजर दीपिका नाग व अन्य कर्मचारियों द्वारा महिला कल्याण विभाग व अन्य विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी की गई साथ ही साइबर सुरक्षा, बाल विवाह प्रतिषेध, लिंग आधारित हिंसा, लिंग समानता, हेल्पलाइन नम्बर 181, 1098, 112, व सुरक्षा चक्र पर विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की यथा पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमगंला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19/सामान्य तथा बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग की योजनाओ तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित समस्त योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए अनुरोध किया गया, साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गयी।

मां के जयकारे से गूंजा विंध्यधाम का चप्पा-चप्पा

खरी कसौटी ब्यूरो

विंध्याचल (मिर्जापुर)। विंध्यधाम का नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र मेला गुरुवार को मंगला आरती के बाद शुरूहो गया। मां के जयकारेसेविंध्यधाम की गलियां गूंजती रही। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करनेके बाद श्रद्धालुओं नेविंध्य पहाड़ी पर स्थित अष्टभुजा और कालीखोह मंदिरों मेंदर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा किए। मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ हो जाने से प्रशासनिक व्यवस्था भी पंगुनजर आई। हालांकि, सुबह नौ बजेके करीब डीएम प्रियंका निरंजन के विंध्यधाम पहुंचतेही प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त होगई। उन्होंनेखुद विभिन्न प्वाइंटों पर पहुंच कर अफसरों की ड्यूटी चेक की। डीएम नेअफसरों को पूरी श्रद्धा सेड्यूटी करनेकीसलाह दी। शारदीय नवरात्र मेलेके पहलेदिन गुरुवार को चार बजेभोर मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलतेही मांविंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करनेके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गर्भगृह में पहुंच गए। गर्भगृह मेंश्रद्धालुओं की भीड़ के चलतेतिलरखनेकी भी जगह नहीं रही। वहीं मंदिर के दोनों प्रवेश द्वार और झांकी पर करीब एक-एक किमी लंबी लाइन लगी रही। न्यू वीआईपी मार्ग से गर्भगृह की तरफ जानेवालेमार्गपर गायत्री पैलेस के नीचेसड़क पर ही श्रद्धालुओं ने लाइन लगा लिए थे।पुरानी वीआईपी मार्गपर जयपुरिया गली होतेहुए लगभग एक किमी दूर सेही श्रद्धालुदर्शन पूजन के लिए पंक्तिबद्ध हो गए थे।यहीं स्थिति कोतवाली रोड सेमंदिर के झांकी जानेवालेमार्गपर भी रही। विंध्यधाम मेंसुबह 11 बजेतक डेढ़ लाख श्रद्धालुमांविंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर चुके थे। मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करनेके बाद श्रद्धालुओं नेअष्टभुजा और काली खोह मंदिरों मेंदर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा किए। त्रिकोण मार्गश्रद्धालुओं सेपटा रहा। अश्विन माह शुक्लपक्ष प्रतिपदा को अदलपुरा बड़ी शीतला माता, हालिया के गड़बड़ा धाम शीतला माता, चुनार के दुर्गाखोह और अहरौरा के मां भंडारी का दर्शन पूजन करनेके लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों नेमां के दिव्य स्वरूप का दीदार करजीवन मेंसुख शांति और समृद्धि की कामना की। गंगा स्नान कर भक्त अदलपुरा शीतला मां के दरबार मेंमंगला आरती सेपहलेहीलंबी कतार लग गई बारी बारी सेदर्शन कर खुद को .तार्थकियां इसी तरह गड़बड़ा शीतला मां के दरबार मेंभी भक्तों का सैलाबउमड़ा, पवित्र सेवटी नदी मेंस्नान कर कड़ी सुरक्षा के बीच नारियल, चुनरी, लाल गुड़हल फूल इलायची दाना प्रसाद स्वरूप मातारानी के दरबार मेंपहुंच कर दर्शन किया।

भगवान राम के जन्म की लीला देख श्रद्धालुभावविभोर

राजगढ़ (मिर्जापुर)। श्री आदर्शरामलीला कमेटी राजगढ़ बाजार की ओर सेमुकुट पूजन कर कलाकारों ने प्रभुश्रीराम जन्म, नारद मोह कीरामलीला का मनोहर प्रस्तुति दी, जिसेदेख दर्शक भाव विभोर हो गए। क्षेत्र के लोगों के आपसी सहयोग सेनवरात्र मेंराजगढ़बाजार में 105 वर्षों सेरामलीला कराया जाता है। 11 दिनों तक चलनेवालेरामलीला का शुभारंभ बुधवार को मुकुट पूजा कर कियागया। रामलीला के प्रथम दिन स्थानीय कलाकार बड़े ही संजीदा तरीके सेनारद का मोह भंग, अयोध्या नगरी मेंराजा दशरथ के पुत्रप्राप्ति की इच्छा सेऋषि मुनियों द्वारा यज्ञ का आयोजन, भगवान राम के जन्म की लीला प्रस्तुत किया, जिसेदेख आनंदित दर्शकोंके जय श्री राम के जयकारेसेपूरा रामलीला क्षेत्र गुंजायमान हो गया। राजगढ़ की रामलीला प्राचीन समय सेहो रही हैजब प्रकाशके लिए बिजली व जनरेटर आदि की सुविधाएं नहीं थी, तब सूर्यास्त के बाद लगभग दो घंटे तक रामलीला होती।

संक्षिप्त खबरें

जिलाधिकारी के अथक प्रयास से बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के अथक प्रयास से 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेंद्र कटेहरी एवं सेनपुर से पोषित समस्त क्षेत्र के उपभोक्ताओं की बाधित विद्युत आपूर्ति हुई बहाल। अवगत कराना है कि 132 के0वी0 कोटवा महमदपुर से पोषित 33 केवी न्यू कटेहरी फीडर जिस पर दो उपकेन्द्र 33/11 के0वी0 कटेहरी एवं सेनपुर संचालित है। जिसमें रेलवे लाइन के नीचे से गुजर रही 33 केवी0 न्यू कटेहरी लाइन के अंडरग्राउंड केबल के दिनांक 29.09.2024 को रात्रि में क्षतिग्रस्त होने के कारण ब्रेकडाउन हो गयी थी। जिसके संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी द्वारा तत्काल अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित विद्युत विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर रहकर क्षतिग्रस्त केवल को ठीक कराकर जन सामान्य को विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही अपर जिलाधिकारी को स्वयं नियमित मॉनिटरिंग करने व रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति का स्थाई समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में अपर जिलाधिकारी सहित अधीक्षण अभियंता व अन्य अधिकारियों द्वारा नियमित मौके पर रहकर जनपद के साथ ही जनपद अयोध्या की भी टीमों को लगाकर तीव्र गति से कार्य कराया गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कार्य की महत्ता के दृष्टिगत तात्कालिक व्यवस्था के रूप में क्षतिग्रस्त केबिल को मरम्मत कर 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र कटेहरी एवं सेनपुर से पोषित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं की आपूर्ति बहाल कर दी गयी है। इसी के साथ ही डीआरएम रेलवे लखनऊ सहित अन्य रेलवे के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके समस्या का स्थाई समाधान करने तथा भविष्य में इस प्रकार की समस्या न आए इसके दृष्टिगत रेलवे लाइन के नीचे से दो अतिरिक्त/वैकल्पिक लाइनें भी डाली जा रही हैं। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि दिनांक 26.09.2024 से दिनांक 29.09.2024 तक लगातार बारिस से क्षतिग्रस्त स्थल पर पानी भर गया था। रेलवे क्रासिंग के दोनो तरफ जल भराव एवं जल स्तर ऊपर होने के कारण खुदाई करते समय गड्ढे में पानी भर जा रहा था जिससे कि कार्य करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। जिसे स्टेटथ्रू लगाकर लाइन चालू करने हेतु निरंतर प्रयास किया गया परन्तु पानी भरा होना एवं काफी मात्रा में नमी होने के कारण बार-2 लाइन कुछ देर तक चलने के बाद ब्रेकडाउन हो जा रही थी। जिसका समाधान कर लिया गया है तथा जन सामान्य को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

गड़बड़ा धाम सहित अन्य मंदिरों में पूजा पाठ का सिलसिला जारी

हलिया(मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा शीतला धाम में भोर से ही भक्तों का सिलसिला जारी रहा। माता के दरबार में लगभग 50 हजार भक्तों ने पहुंचकर शीश नवाया। इसके अलावा माता चौरा देवी मंदिर, पावर हाउस के पास देवी मंदिर, सिकटा स्थित मुडलेश्वरी माता, सोनगढा स्थित अनन्दी कुवर सहित दर्जनों मंदिरों में बृहस्पतिवार शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन किया। सुप्रसिद्ध गडबडा शीतला धाम में सेवटी नदी के तट पर माता शीतला धाम में भोर से ही भक्त सेवटी नदी में स्नान करने के बाद कतार बद्ध हो गए। हाथ में नारियल,चुनरी, फूल माला लिए हुए मां का एक झलक पाने के लिए लालाइत रहे। माता के दर्शन पूजन के बाद मंदिर में पीछे लगे सिलापट में लिखे शीतला चालीसा का पाठ पढ़ कर मन्नतें पूरी की। सुरक्षा व्यवस्था के तौर पर ड्रमंडगंज थाना की पुलिस एक प्लाटून पीएसी तथा ट्रैफिक पुलिस एवं पर्याप्त रूप से महिला कांस्टेबल नियुक्त रही। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद शुक्ला व ज्ञानचंद शुक्ल ने बताया कि दर्शनार्थियों की सुविधा के लिये सीसी कैमरे व 25 वलिंटियरों से दर्शन पूजन कराया जा रहा है। मंदिर पुजारी ने बताया कि भोर से ही 50 हजार भक्तों ने माता का दर्शन पूजन कर निहाल हुए हैं। दर्शन पूजन के बाद भक्त गृह उपयोगी सामान खरीद कर घर के लिए वापस गए।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह मय हमराही मेला क्षेत्र में चक्रमण करते रहे मंदिर में मेला प्रभारी श्याल लाल व शैलेश सिंह डेट रहे।

ग्राम पंचायत की बंजर भूमि के सीमांकन के लिए ग्राम प्रधान ने डीएम को सौपा प्रार्थना पत्र

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह के ग्राम प्रधान उपासना सिंह ने बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत के बंजर भूमि व वन विभाग कि भूमि का संयुक्त टीम के साथ सीमांकन कराने कि मांग किया है जिससे ग्राम पंचायत कि भूमि व वन विभाग कि भूमि अलग अलग किए जा सके जिसे कोई विवाद ना रहे दिये गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह गाँव में गाटा संख्या 62 ग्राम पंचायत के बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रस्ताव प्रस्तावित है किन्तु जब

रिपोर्टर की कलम से...

यूएनओ में गूंजा गांधी के अहिंसा और सत्य को बनाए रखने का संदेश

नई दिल्ली। भारत से लेकर दुनिया भर के विभिन्न देशों में बुधवार को महात्मा गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई, जिस दौरान गांधी के अहिंसा और सत्य को बनाए रखने के संदेश को याद किया गया। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'गांधीवादी मूल्य और संयुक्त राष्ट्र चार्टर' शीर्षक से एक विशेष कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के कैबिनेट प्रमुख इवोर फंग ने कहा कि गांधी का जीवन शांतिपूर्ण विरोध की प्रभावशीलता का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो दुनिया भर में, विशेष रूप से एशिया और अफ्रीका के लोगों को प्रेरित करता है। वहीं दूसरी ओर यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक जारी संघर्ष और हिंसा से भरी दुनिया पर गहरी चिंता जताते हुए महात्मा गांधी के अहिंसा, शांति एवं समानता के संदेश पर प्रकाश डाला। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करके अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस की शुरुआत की। संयुक्त राष्ट्र भवन में उनकी उपस्थिति सत्य और अहिंसा के उनके मार्ग पर चलने और 'शांति ही मार्ग है' की निरंतर याद दिलाती है।

वहीं दूसरी ओर जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा विदेशों में स्थित भारतीय दूतावास एवं उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिस दौरान गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके द्वारा दिए गए समानता, सम्मान, शांति और न्याय के संदेश को दोहराते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की शपथ ली गई। संयुक्त राष्ट्र ने गांधी की जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया है, जो दुनिया भर में गांधी के विचारों की प्रासंगिकता को दर्शाता है।

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई, कोर्ट ने दी अगली तारीख

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद के रूप में लड्डू बनाने के लिए जानवरों की चर्बी के उपयोग के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं की सुनवाई 4 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी।, जहां भगवान वेंकटेश्वर की पूजा की जाती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा कल (शुक्रवार) सुबह 10:30 बजे के लिए स्थगन की मांग के बाद ट्टए ने आज (3 अक्टूबर) सुनवाई स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट में एक नई जनहित याचिका दायर की गई, जिसमें पिछले वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाले शासन के तहत तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा के कथित उपयोग की सीबीआई जांच की मांग की गई। जनहित याचिका एक सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन 'ग्लोबल पीस इनिशिएटिव' के अध्यक्ष केए पॉल द्वारा दायर की गई थी, जिसमें ''केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा खरीद और तैयारी के आसपास भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों की व्यापक जांच की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ पहले ही इस मुद्दे पर चार याचिकाओं पर विचार कर रही है। 30 सितंबर को, शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के सार्वजनिक बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि भगवानों को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए कि पिछले शासन के तहत तिरुपति के लड्डू बनाने में कथित तौर पर जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था।

लखनऊ से नोएडा तक > कहीं छेड़खानी तो कहीं दुष्कर्म की है खबर, किस पर उठाएं सवाल

सरकारी कोशिशों के बावजूद बेलगाम अपराधी

खरी कसौटी
ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के शहीद पथ पर स्कूटी से जा रही एक युवती से छेड़छाड़ का अजीबोगरीब मामला सामने आया। यह खबर अभी पुरानी भी नहीं हुई थी कि दिल्ली से सटे नोएडा के गवर्नमेंट गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज में लड़कियों ने आरोप लगाया कि हॉस्टल में बड़ी संख्या में गुंडे घुस आए। वहीं यूपी के इन दोनों शहरों को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे पर चलती बस में दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया।

बात यहीं तक सीमित नहीं है। कभी ऐम्बुलेंस में बीमार पति को लेकर जा रही महिला ने ड्राइवर पर रेप का आरोप लगाया तो कभी झांसा देकर गाड़ी में बैठाने के बाद रेप का मामला गोंडा से लेकर आगरा तक के नाम पर धब्बा लगा गया है। इसके बीच सवाल सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सख्त सरकार पर भी उठता है, जिसमें लड़कियों की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। सोशल मीडिया पर लखनऊ एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। वीडियो में सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में प्राइवेट जॉब करने वाली एक युवती स्कूटी से अपने गंतव्य को जाती हुई नजर आ रही है। उसके पीछे-पीछे एक बाइक सवार युवक तेज स्पीड में जाता हुआ नजर आ रहा है। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। थोड़ी दूर जाते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक ने स्कूटी सवार युवती से छेड़छाड़ की। अचानक हुए इस हरकत से युवती सहम गई। गनीमत ये रही कि युवती ने इस हरकत की वजह से अपना बैलेंस नहीं खोया। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

यूपी की राजधानी लखनऊ में स्कूटी सवार युवती से छेड़छाड़ वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान फुरकान के रूप में हुई है। वहीं ग्रेटर नोएडा के बादलपुर में कुमारी मायावती गवर्नमेंट गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज में 187 में से 172 छात्राएं अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ये अपने हॉस्टल छोड़कर घर लौट गई हैं। रविवार आधी रात के बाद कुछ लोगों का एक समूह कैंपस में जबरन घुस गया था। इस घटना के बाद सोमवार को कैंपस में विरोध प्रदर्शन हुए। छात्राओं ने बताया कि पिछले एक हफ्ते में ये लोग इस तरह बार-बार ऐसी घुसपैठ कर चुके हैं। वहीं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चलती प्राइवेट बस में एक युवती के साथ छेड़खानी का मामला

सामने आया है। आरोप है कि रात में सोते समय बस के खलासी ने दुष्कर्म की कोशिश की। पीड़िता ने हल्ला मचाया लेकिन ड्राइवर रोकने की बजाय गाड़ी को भगाता रहा। लड़की ने पुलिस का इमर्जेंसी नंबर डायल किया, जिसके बाद अलर्ट मोड में आई पुलिस ने गाड़ी को रुकवाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। ऐसे मामलों की कमी नहीं है। आगरा जिले के थाना न्यू आगरा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ एक्सप्रेसवे पर दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात की गई। फ़ेसबुक पर विज्ञापन देखकर युवती आरोपियों के जाल में फंस गई थी। उसे आगरा से लखनऊ बुलाया था। सुनसान जगह पर गाड़ी रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली थी। शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी थी। गोंडा जिले में एक दलित महिला के साथ चलती कार में गैंगरेप का मामला सामने आया है। युवती को दो युवकों ने मोबाइल दिलाने के नाम पर गाड़ी में बिठाया और अपने साथ ले गए। युवकों ने युवती के साथ चलती गाड़ी में छेड़छाड़ की और फिर रेप किया।

सिख दंगे की प्रत्यक्षदर्शी लखविंदर ने अदालत में दर्ज कराया बयान

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश गुरुद्वारे में आगजनी के तीन पीड़ितों में से एक बादल सिंह की पत्नी लखविंदर कौर ने गुरुवार को अपनी गवाही दर्ज कराई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने उन्हें बताया कि कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर ने घटनास्थल पर भीड़ को उकसाया था।

30 अगस्त को दिल्ली की राउज़ एवेन्यू अदालत के न्यायाधीश राकेश सयाल ने 80 वर्षीय टाइटलर के खिलाफ धारा 302 (हत्या), 109 (उकसाने), 147 (दंगा), 153 ए (समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), और 143 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। टाइटलर ने स्पेशल कोर्ट के आरोप तय करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। वहीं लखविंदर कौर विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत में गवाही देने वाली पहली गवाह बनीं। अदालत ने मामले को 15 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया है। 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की कथित हत्या से संबंधित एक मामले में दिल्ली की एक अदालत द्वारा टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के घटनाक्रम को सिलसिलेवार ढंग से समझें 31 अक्टूबर, 1984: तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या। 1 नवंबर: पुल बंगश गुरुद्वारे के पास भीड़ ने तीन लोगों की हत्या कर दी। 20 मई, 2023: विशेष अदालतों द्वारा खारिज की गई तीन क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के बाद, सीबीआई ने टाइटलर के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। 26 जुलाई: अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान लिया, टाइटलर को तलब किया। 4 अगस्त: दिल्ली की अदालत ने टाइटलर को अग्रिम जमानत दी। 5 अगस्त: टाइटलर आरोपी के रूप में अदालत में पेश हुए। 30 अगस्त 2024: दिल्ली की अदालत ने आरोप तय करने का आदेश दिया।

मिडिल ईस्ट तनाव

भारत पर भारी पड़ हसकता है इजरायल-ईरान का महासंग्राम

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमत में पिछले दो दिन में काफी उछाल आई है जबकि शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स आज कारोबार के दौरान 1,600 अंक से अधिक गिर गया जबकि निफ्टी में भी 500 अंक से ज्यादा गिरावट रही।

जानकारों का कहना है कि अगर ईरान और इजरायल के बीच युद्ध होता है तो इसका भारत समेत पूरी दुनिया पर व्यापक असर हो सकता है। खासकर भारत के लिए इसके व्यापक मायने हो सकते हैं। मसलन खाड़ी देशों के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है, पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ सकती है, वहां काम कर रहे भारतीयों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं और देश की ग्रोथ पर असर हो सकता है। भारत के लिए सबसे बड़ा मसला एनर्जी सिक्योरिटी का है। देश अपना 85 फीसदी तेल आयात करता है। ईरान रोजाना करीब 30 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। दुनिया की 20% और भारत की 60% ऑयल सप्लाई होरमूज की खाड़ी से होती है। वहां संघर्ष बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमत 80 बैरल प्रति डॉलर तक पहुंच सकती है। इससे भारत के व्यापार घाटा, चालू खाते का घाटा और राजकोषीय घाटा प्रभावित हो सकता है। निगेटिव सेंटीमेंट से भारतीय शेयर बाजारों पर असर दिखने लगा है। ईरान-इजरायल युद्ध से ग्लोबल जीडीपी और ट्रेड ग्रोथ पर असर हो सकता है जो भारत के लिए अच्छी स्थिति नहीं होगी।

जानकारों का कहना है कि अगर ईरान के बंदरगाहों पर हमला होता है तो इसका विश्व व्यापार पर व्यापक असर होगा। ईरान फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और कैस्पियन सागर के स्थित है। इस संघर्ष से भारत का एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट प्रभावित हो सकता है। भारत सऊदी अरब और इराक से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। लाल सागर में जहाजों पर हूतियों के हमले के कारण पहले ही फ्रेट कॉस्ट में काफी तेजी आई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत के तेल आयात में पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी 23 फीसदी है।

बच्चे को मोबाइल देना होता है बेहद खतरनाक

वायरल वीडियो भले ही स्क्रिप्टेड लेकिन खतरा तो असली है!

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो काफी वायरल है। लोगों के वॉट्सऐप पर घूम रहा है। वीडियो डरावना है। दावा किया जा रहा कि ये सीसीटीवी फुटेज है। वीडियो में दिख रहा कि एक 5-6 साल का बच्चा मोबाइल चला रहा है। उसकी मां उससे मोबाइल छीन लेती है और पढ़ने-लिखने के लिए बोलती है। मां वहीं पर बैठकर मोबाइल पर किसी से बात करने लगती है। बच्चा किताब-कॉपी लेकर बैठ जाता है लेकिन उसके दिमाग में कुछ और चल रहा होता है। थोड़ी देर बाद वह अपनी जगह से उठता है और उसके बाद वह जो करता है, वह हिला देने वाला है। वह पास में रखे बल्ले को उठाता है और मां के सिर पर दे मारता है। वीडियो में दिख रहा कि बल्ले से चोट के बाद महिला बेसुध होकर वहीं पर गिर जाती है और बच्चा उसके हाथ से मोबाइल निकालकर चलाने लगता है।

सबसे पहले तो ये साफ कर दें कि वायरल वीडियो असली नहीं, बल्कि स्क्रिप्टेड है लेकिन खतरा असली है, गंभीर है। मोबाइल की लत बच्चों को उग्र बना रही है। उन्हें काफी नुकसान पहुंचा रही है। वायरल वीडियो इतना डरावना है कि लोग अपने परिचितों और रिश्तेदारों को वॉट्सऐप पर फॉरवर्ड कर रहे हैं। आगाह कर रहे कि ये देखो मोबाइल की लत में बच्चे कितने खतरनाक हो रहे। इस वीडियो ने करीब 7 साल पहले नोएडा में हुई एक रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात की याद दिला दी है। तब मां की डांट और थप्पड़ से आहत एक 16 साल के लड़के ने मां के साथ-साथ बहन की हत्या कर दी। वीडियो के वायरल होने की सबसे बड़ी वजह है बच्चों में मोबाइल की लत का आम होना। शायद ही कोई ऐसा घर हो, जहां घरवाले बच्चों की मोबाइल की लत से परेशान नहीं हैं। बच्चों को ये लत लगवाते भी मां-बाप ही हैं। अभी बच्चा पढ़ना-लिखना भी नहीं सीखता कि उसे मोबाइल थमा देते हैं। बच्चा रोया नहीं कि मोबाइल थमा दिया। वही चीज आगे जाकर खतरनाक हो जाती है और बच्चे मोबाइल एडिक्शन के शिकार हो जाते हैं। ये लगभग हर उस घर की समस्या हो गई है जिस घर में बच्चे हैं।

बच्चों में मोबाइल की लत बहुत खतरनाक होती है। कई स्टडी और रिसर्च में ये बात बार-बार सामने आ रही है। मोबाइल फोन के बहुत ज्यादा इस्तेमाल से बच्चों और किशोरों में कई तरह की गंभीर समस्याएं आ रही हैं। उनका शारीरिक और मानसिक विकास बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बच्चे एकाग्रचित नहीं हो पा रहे, जिससे पढ़ाई-लिखाई पर बहुत ही बुरा असर पड़ रहा। मोबाइल की लत से बच्चों की नींद भी डिस्टर्ब हो रही इस वजह से वे सुस्त होते जा रहे हैं। कुछ बच्चों में ये डिप्रेशन की वजह भी बन रही है। मोबाइल फोन के बहुत ज्यादा इस्तेमाल से गर्दन, कंधे या कलाई में दर्द होता है। आंखों पर जोर पड़ता है। बच्चा कोई भी काम मन लगाकर नहीं कर पाता क्योंकि वह एकाग्र ही नहीं हो पाता। उन्हें ड्राइंग, म्यूजिक या उसी तरह की किसी रचनात्मक गतिविधि में लगाएं। खुद भी स्मार्टफोन का बहुत ज्यादा इस्तेमाल मत करें। बच्चों से बातचीत करें।

साइबर क्राइम के शिकार 67 नागरिकों को भारतीय दूतावास ने बचाया

नोम पेन्ह। कंबोडिया में फर्जी एजेंटों के माध्यम से नौकरी का झांसा देकर फंसाए गए 67 भारतीय नागरिकों को बचाया गया है। कंबोडिया के नोम पेन्ह स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को बताया कि उसने देश के पोइपेट से 67 भारतीय नागरिकों को बचाया है, जिन्हें साइबर अपराध में शामिल फर्जी एजेंटों ने नौकरी का झांसा देकर फंसाया था।

दूतावास ने एक बयान में कहा कि वह फर्जी एजेंटों के नौकरी के झांसे में फंसे भारतीय नागरिकों को बचाने और वापस लाने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। दूतावास के अधिकारियों की एक टीम इस प्रक्रिया की देखरेख कर रही है। साथ ही बचाए गए नागरिकों की सुचारू रूप से वतन वापसी के लिए स्टाफ के सदस्य हवाई अड्डे पर तैनात हैं।

दूतावास की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इनमें से 15 भारतीय नागरिक हाल ही 30 सितंबर को स्वदेश लौटे हैं, जिसके बाद 1 अक्टूबर को 24 और लोग भी स्वदेश लौट गए हैं। शेष 28 व्यक्तियों के आने वाले दिनों में भारत पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख

रहा है और ऐसे साइबर अपराध में फंसे अपने नागरिकों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दूतावास ने कहा कि वह साइबर अपराधों में फंसे अपने नागरिकों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसने भारतीय नागरिकों को संदिग्ध एजेंटों और सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से कंबोडिया और अन्य दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में नौकरी के अवसर लेने में अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। दूतावास ने ऐसी गतिविधियों में फंसे लोगों और भारत लौटने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर +85592881676 जारी करने के अलावा ईमेल के जरिए भी संपर्क करने को कहा है।

(रिपोर्ट. शाश्वत तिवारी)

राहुल की मोहब्बत की दुकान में नशे का सामान: सुधांशु

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली में लगभग 5,600 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं की जब्ती को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और एक आरोपी का सबसे पुरानी पार्टी से संबंध होने का आरोप लगाया।

त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। ये मात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि पूरे भारत में संप्रग के शासनकाल में 2006-13 के बीच मात्र 768 करोड़ रुपये के ड्रग्स की बरामदी हुई थी। ये वो दौर था, जब मुंबई से लेकर पंजाब ड्रग्स की गिरफ्त में था। जबकि 2014-22 तक भाजपा सरकार के दौरान 22 हजार करोड़ रुपये की ड्रग्स पकड़ी गई है। सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि इसका जो मुख्य आरोपी है, जिसका नाम तुषार गोयल है, वो 'इंडियन यूथ कांग्रेस' के आईटी सेल का चीफ है। यानी ये बात साफ हो रही है कि राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान में अभी तक नफरत का सामान तो दिख रहा था, लेकिन अब नशे का सामान भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमारा मानना है कि पूरे देश और हरियाणा के लोगों को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस का बरामद हुई ड्रग्स और आरोपी के साथ क्या कनेक्शन है।

यदि दीपेंद्र हुड्डा जी के साथ आरोपी का फोटो है और यूथ कांग्रेस का नियुक्ति पत्र है, जिसमें राहुल जी और सोनिया जी का जिक्र है। भाजपा नेता ने दावा किया कि देश में भ्रम पैदा करने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय शक्तियों, संस्थानों के साथ कांग्रेस पार्टी के संबंध उजागर हो रहे हैं। अब देश के युवाओं को सीधे नशे में शामिल करने वाले इतने बड़े कांड के साथ कांग्रेस के आधिकारिक पदाधिकारी का सीधा संबंध उजागर होना, बहुत गहरे और खतरनाक संदेश देता है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि कांग्रेस ने ड्रग तस्करों और माफियाओं से हाथ मिला लिया है। अरविंद केजरीवाल चुप क्यों हैं? कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए...कांग्रेस युवाओं को नशीली दवाओं के खतरे में धकेलने की अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। पूछताछ कर पता लगाना चाहिए कि इसमें कौन शामिल है और कांग्रेस नशे का पैसा कहां इस्तेमाल कर रही है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि आरोपी भारतीय युवा कांग्रेस का सदस्य हुआ करता था, लेकिन दो साल पहले उसे पार्टी से निकाल दिया गया था।

अध्ययन करने से कर्तव्य, आत्म-साक्षरता, आत्म-ज्ञान और भक्ति-योग का होता है ज्ञान

श्री मद्भागवत गीता मन पर काबू पाना अपने आप में बताती है बड़ी सफलता

श्रीमद्भगवद्गीता में कृष्ण जी के उपदेशों का वर्णन है, जिसका अध्ययन करने से कर्तव्य, आत्म-साक्षरता, आत्म-ज्ञान और भक्ति-योग का ज्ञान होता है। कहते हैं कि कृष्ण जी ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब अर्जुन के कदम महाभारत युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। कृष्ण जी के उपदेशों को सुनकर ही अर्जुन लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए थे।

श्रीमद्भगवद्गीता में लिखी सभी बातें आज भी युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य के काम आती हैं। गीता के ज्ञान की सभी लोग ने अपने-अपने तरीके से व्याख्या करते हैं। माना जाता है जितनी बार इसका अध्ययन किया जाता है, उतनी बार एक अलग आध्यात्मिक अर्थ समझने-जानने को मिलता है। साथ ही जीवन के उद्देश्य और सही अर्थ का पता चलता है। ऐसे में आइए गीता में लिखी उन खास बातों को जानते हैं, जो सफलता हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि अक्सर मनुष्य अपने मन के कारण समस्याओं से घिरा रहता है।

यदि मन पर काबू पा लिया जाए, तो अधिकतर समस्याएं समाप्त हो सकती है। उनका मानना है कि मनुष्य की इच्छाएं मन पर ऊपर हावी होती है, जिसे पूरा करने के लिए इंसान किसी भी मार्ग का चयन कर लेता है। ऐसे में मन पर काबू पाना अपने में सफलता है। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार मनुष्य को हमेशा अभ्यास करते रहना चाहिए। अभ्यास मनुष्य जीवन को आसान बनाता है। कृष्ण जी का मानना है कि अभ्यास से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है, और नए कौशल सीखे जा सकते हैं।

भगवान कृष्ण के अनुसार हर मनुष्य को कर्म करना चाहिए, और कभी भी फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। उनका मानना है कि जैसा आपका कर्म होगा ईश्वर उसी के अनुरूप ही फल प्रदान करता है। इसलिए कभी भी फल की चिंता नहीं करना चाहिए, क्योंकि कार्य से पहले परिणाम की अपेक्षा करने से मन भ्रमित हो सकता है। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार कोई भी व्यक्ति खुद को खुद से बेहतर न जान सकता है, और न ही समझ सकता है। इसलिए समय समय पर इंसान को स्वयं का आकलन करना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति अपनी खामियों को पहचान कर उस पर कार्य करता है, जो सफलता के मार्ग को आसान बनाता है।

वहीं इसके अलावा छिपकर किए गए पापों के साक्षी पंचमहाभूत पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश होते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार यदि कोई व्यक्ति पाप करता है, तो उसका पाप उसके मुख और कार्यों से प्रकट होने लगता है। जिससे कार्य पर उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए जीवन में इंसान को पाप करने से डरना चाहिए। साथ ही गलत मार्ग से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए।पाप करने वाले इंसान के मन में हमेशा अशांति बनी रहती हैं। साथ ही उसका मन हमेशा बेचैन रहता है, जिससे वह अपने पाप को स्वीकार करने के लिए विवश हो जाता है। झूठ का समर्थन करने वाले लोग नरक में जाते हैं, और हमेशा समस्याओं से घिरे रहते हैं। साथ ही ऐसे लोग दुख के भागीदार बनते हैं। इसलिए परिस्थिति चाहे कैसी भी हो इंसान को झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए।

जीवन में सम्मान एक ऐसा शब्द है, जिसे बहुत उछाला जाता है। व्यक्ति को जीवन में कभी भी अपने अपमान को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि कोई आपको अपमानित करता है, तो उससे हमेशा दूरी बनाकर रखें।बार-बार अपमान सहन करने पर समाज में ओहदा कम होता है। साथ ही आपकी छवि भी खराब होती है। इसलिए जीवन में कभी भी अपमान नहीं सहना चाहिए।जीवन में आगे बढ़ने के लिए इंसान को सर्वप्रथम अपने

आत्म-सुधार पर ध्यान देना चाहिए। इससे व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ नकारात्मकता भी दूर होती हैं।किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए हमेशा ठोस रणनीति का निर्माण करना चाहिए। यह नीति आपके बुरे समय को समाप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।